लखनऊ से प्रकाशित एवं उ.प्र., बिहार, झारखण्ड, मध्यप्रदेश, राजस्थान, दिल्ली में प्रसारित

RNI-UPHIN/2014/58471

दैनिक

# अमन लेखनी



हेमा मालिनी ने लांच की महाकुंभ आरती



न्यू एज लव स्टोरी है ......

वर्ष : 11 | अंक : 33 | लखनऊ, 19 जनवरी, रविवार 2025 | पृष्ठ : 08 | मूल्य : 2.00 रुपए

# पीएम मोदी ने बांटे 65 लाख संपत्ति कार्ड

## आज का दिन ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए ऐतिहासिक

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**



नई दिल्ली, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से 10 राज्यों और 2 केंद्र शासित प्रदेशों के 230 से अधिक जिलों के 50,000 से अधिक गांवों में संपत्ति मालिकों को स्वामित्व योजना के तहत 65 लाख से अधिक संपत्ति कार्ड वितरित किए। इस दौरान प्रधानमंत्री ने कहा कि आज का दिन देश के गांवों के लिए, ग्रामीण अर्थव्यवस्था के लिए बहुत ही ऐतिहासिक है।5 साल पहले स्वामित्व योजना शुरू की गई थी ताकि गांवों में रहने वालों का उनका कानूनी प्रमाण दिया जा सके।बीते 5 साल में लगभग डेढ़ करोड़ लोगों को ये स्वामित्व कार्ड दिए गए हैं। आज इस कार्यक्रम में 65 लाख से ज्यादा परिवारों को ये स्वामित्व कार्ड मिले हैं। मोदी ने कहा कि 21वीं सदी की दुनिया में क्लाइमेट चेंज, पानी की कमी, स्वास्थ्य का संकट, महामारी.. ऐसी कितनी भी चुनौतियां हैं, लेकिन विश्व के सामने एक और बड़ी चुनौती रही है और ये चुनौती है- प्रॉपर्टी राइट्स की। उन्होंने कहा कि कई साल पहले संयुक्त राष्ट्र ने दुनिया के अनेक-अनेक देशों में भू-संपत्ति को लेकर एक स्टडी की थी। इस स्टडी में सामने आया कि दुनिया के अनेक देशों में लोगों के पास प्रॉपर्टी के पक्के कानूनी दस्तावेज है ही नहीं। संयुक्त राष्ट्र ने साफ कहा कि अगर गरीबी कम करनी है तो इसके लिए प्रॉपर्टी राइट्स होना बहुत जरूरी है।

नरेंद्र मोदी ने कहा कि पहले की सरकारों ने इस दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए। इसलिए 2014 में जब हमारी सरकार बनी, तो हमने प्रॉपर्टी के कागज की इस चुनौती से निपटने को ठानी और हमने स्वामित्व योजना शुरू की। हमने तय किया कि ड्रोन की मदद से देश के गांव-गांव में घरों की... जमीनों की मैपिंग कराई जाएगी... गांव के लोगों को उनकी आवासीय संपत्ति के कागज दिए जाएंगे। उन्होंने कहा कि आज हमारी सरकार पूरी ईमानदारी से ग्राम स्वराज को जमीन पर उतारने का प्रयास कर रही है। स्वामित्व योजना से गांव के विकास की प्लानिंग और उस पर अमल अब काफी बेहतर हो रहा है।

मोदी ने कहा कि अब प्रॉपर्टी राइट्स मिलने से ग्राम पंचायतों की मुश्किलें भी दूर होंगी और वो भी आर्थिक रूप से सशक्त हो पाएंगी। इससे आपदा की स्थिति में उचित क्लेम मिलना भी आसान होगा। उन्होंने कहा कि स्वामित्व और भू-आधार... ये दो व्यवस्थाएं गांवों के विकास का आधार बनने वाली हैं। भू-आधार के जरिए जमीन को भी एक खास पहचान दी गई है। करीब 23 करोड़ भू-आधार नंबर जारी किए जा चुके हैं।

बीते 7-8 साल में ही करीब 98 प्रतिशत लैंड रिकॉर्ड का डिजिटलीकरण किया गया है। महात्मा गांधी कहते थे- भारत गांवों में बसता है, भारत की आत्मा गांवों में हैं। पूज्य बापू के इस भाव को सही मायने में जमीन पर उतारने का काम बीते दशक में हुआ है।

# महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों को भेजे राष्ट्रीय पुलिस अकादमीः सीएम



**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी को पत्र लिखकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की विविध पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों को भेजने को कहा है। आदित्यनाथ ने शुक्रवार शाम लखनऊ में 5, कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर वरिष्ठ पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस बार जो एक बात सामने आई है, वह है पुलिस का व्यवहार। हमने युवा पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें महाकुंभ ड्यूटी के लिए तैनात किया है। उन्होंने कहा, हमने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी को भी पत्र लिखकर युवा अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन और इस तरह के विशाल आयोजन से जुड़े अन्य विविध पहलुओं का अध्ययन करने के लिए यहां भेजने को कहा है। आदित्यनाथ ने कहा, उन्हें (युवा अधिकारियों को) इतना अध्ययन करने, इतना कुछ सीखने का मौका और कहां मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक संस्थान महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन और शोध कर रहे हैं। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है।

## महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों को भेजे राष्ट्रीय पुलिस अकादमी

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को कहा कि उनकी सरकार ने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी को पत्र लिखकर प्रयागराज में आयोजित महाकुंभ की विविध पहलुओं को समझने के लिए अधिकारियों को भेजने को कहा है। आदित्यनाथ ने शुक्रवार शाम लखनऊ में 5, कालिदास मार्ग स्थित अपने आवास पर वरिष्ठ पत्रकारों से बात करते हुए कहा, इस बार जो एक बात सामने आई है, वह है पुलिस का व्यवहार। हमने युवा पुलिस अधिकारियों को प्रशिक्षण देने के बाद उन्हें महाकुंभ ड्यूटी के लिए तैनात किया है। उन्होंने कहा, हमने सरदार वल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी को भी पत्र लिखकर युवा अधिकारियों को भीड़ प्रबंधन और इस तरह के विशाल आयोजन से जुड़े अन्य विविध पहलुओं का अध्ययन करने के लिए यहां भेजने को कहा है। आदित्यनाथ ने कहा, उन्हें (युवा अधिकारियों को) इतना अध्ययन करने, इतना कुछ सीखने का मौका और कहां मिलेगा। उन्होंने यह भी कहा कि अधिकांश प्रमुख वैश्विक संस्थान महाकुंभ के विभिन्न पहलुओं पर अध्ययन और शोध कर रहे हैं। महाकुंभ 13 जनवरी से शुरू हुआ है।

### मौसम

अधिकतम तापमान 23.c

न्यूनतम तापमान 7.c

### बाजार

सोना 7,177/ g

चांदी 96/ g

सेंसेक्स 81,526.14

निफटी 24,641.80

# राहुल गांधी एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**


बिहारः लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी शनिवार को एक दिवसीय दौरे पर पटना पहुंचे। कांग्रेस सूत्रों ने इसकी जानकारी दी। कांग्रेस सूत्रों ने बताया कि राहुल गांधी शनिवार को पटना में संविधान सुरक्षा सम्मेलन को संबोधित करेंगे। उन्होंने बताया कि इसके बाद बिहार प्रदेश कांग्रेस कमेटी कार्यालय -सदाकत आश्रम- में पार्टी कार्यकर्ताओं की बैठक में शामिल होंगे। इसके साथ ही वह नवनिर्मित स्टाफ क्वार्टर एवं एक नवीनीकृत सभागार का उद्घाटन करेंगे, जिनका नाम क्रमशः उनकी दादी इंदिरा गांधी और उनके पिता राजीव गांधी के नाम पर रखा गया है। लोकसभा चुनाव के बाद राहुल गांधी पहली बार बिहार के दौरे पर आये हैं। पटना पहुंचने पर बिहार कांग्रेस प्रमुख अखिलेश प्रसाद सिंह एवं पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं ने हवाई अड्डे पर राहुल गांधी का स्वागत किया। कांग्रेस के वरिष्ठ नेता ने हवाई अड्डे के बाहर बड़ी संख्या में पार्टी का झंडा लेकर एकत्र हुए नेताओं एवं कार्यकर्ताओं का हाथ हिलाकर अभिवादन किया।

# महाकुंभ 2025 में आज रक्षामंत्री राजनाथ सिंह पहुचेंगे संगम, फिर करेंगे स्नान

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में इन दिनों आस्था का सैलाब महाकुंभ के दौरान देखने को मिल रहा है। इस महाकुंभ में देश और दुनिया से लाखों की संख्या में श्रद्धालु पहुंच रहे है। आस्था की डुबकी प्रयागराज में लगाने के लिए महाकुंभ में भारी संख्या में श्रद्धालु आए है। इस महाकुंभ में ही रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह भी हिस्सा लेने वाले है।

जानकारी के मुताबिक रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शनिवार को आयोजित होने वाले प्रयागराज के महाकुंभ में हिस्सा लेंगे। इसकी जानकारी खुद रक्षा मंत्री ने दी है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में उन्होंने लिखा कि मैं 18 जनवरी को



महाकुंभ 2025 में भाग लेने के लिए प्रयागराज में रहूंगा। महाकुंभ भारत की समृद्ध आध्यात्मिक और सांस्कृतिक विरासत का उत्सव है। इस पवित्र संगम में शामिल होने के लिए उत्सुक हूं। इस बीच, केंद्रीय मंत्री ने शनिवार को महाकुंभ के लिए की गई तैयारियों और सुरक्षा उपायों की सराहना की।

केंद्रीय मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा, मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में पूरी तैयारी और सुरक्षा के साथ महाकुंभ का आयोजन हो रहा है। यह सबसे बड़े मानव समागम में सरकार द्वारा किए गए इंतजामों पर केस स्टडी होनी चाहिए। हमने देखा कि पहले कुंभ का आयोजन कैसे होता था... अगर हम इससे पहले के कुंभ की बात करें तो 2013 में जिस तरह से भगदड़ मची थी और तत्कालीन सरकार ने उसके प्रति असंवेदनशीलता दिखाई थी। आजादी के बाद जब पहला कुंभ आयोजित हुआ था, तो कुंभ की व्यवस्थाओं को देखते हुए तत्कालीन सरकार कुंभ की व्यवस्थाओं के प्रति उदासीन थी।

अयोध्या के आयुक्त गौरव दयाल ने शुक्रवार को घोषणा की कि महाकुंभ समारोह के बाद अयोध्या में श्री राम लला मंदिर में आने वाले बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं के प्रबंधन के लिए विशेष व्यवस्था की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि 29 जनवरी को मौनी अमावस्या पर अमृत स्नान के बाद श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ने की उम्मीद है। व्यवस्थाओं को पुख्ता करने के लिए मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह और उत्तर प्रदेश के डीजीपी प्रशांत कुमार ने गुरुवार को महाकुंभ क्षेत्र का दौरा किया। अपने दौरे के दौरान उन्होंने आईसीसी ऑडिटोरियम में एक उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। राज्य सूचना विभाग के अनुसार अब तक 73 मिलियन से अधिक श्रद्धालु त्रिवेणी संगम पर पवित्र डुबकी लगा चुके हैं। अगली प्रमुख स्नान तिथियों में 29 जनवरी (मौनी अमावस्या - दूसरा शाही स्नान), 3 फरवरी (बसंत पंचमी - तीसरा शाही स्नान), 12 फरवरी (माघी पूर्णिमा) और 26 फरवरी (महा शिवरात्रि) शामिल हैं।

### संक्षिप्त समाचार

## केंद्र ने कर्नाटक में गरीबों के लिए अतिरिक्त 4.68 लाख मकान मंजूर किए : शिवराज सिंह चौहान

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

बेंगलुरु। केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि केंद्र ने कर्नाटक में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों के लिए अतिरिक्त 4.68 लाख मकानों को मंजूरी दी है। ग्रामीण विकास, कृषि और किसान कल्याण विभाग का प्रभार संभाल रहे चौहान ने यहां संवाददाताओं को बताया कि यह केंद्र द्वारा मूल रूप से स्वीकृत 2.57 लाख मकानों के अलावा है। मंत्री ने कहा कि आज सुबह उनकी कर्नाटक के ग्रामीण विकास, राजस्व और कृषि मंत्रियों के साथ बैठक हुई। उन्होंने कहा कि नरेन्द्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री के रूप में शपथ लेने के बाद राज्य के प्रत्येक गरीब परिवार को पक्का मकान उपलब्ध कराने की अपनी प्रतिबद्धता के तहत सितम्बर में 2.57 लाख मकान स्वीकृत किये तथा इसके लिए अनुदान भी जारी किया। मंत्री ने कहा, अब हमने लक्ष्य बढ़ाने का फैसला किया है और कुल मिलाकर 4.68 लाख अतिरिक्त घरों को मंजूरी दी है। भाजपा के लिए गरीबों की सेवा करना भगवान की पूजा है। चौहान ने कर्नाटक सरकार से आवास परियोजना को जल्द से जल्द पूरा करने की अपील की। मंत्री ने कहा कि सीमा क्षेत्र विकास योजना के तहत कर्नाटक के लिए 97 करोड़ रुपये जारी किए जाएंगे। जब उनसे कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्धरमैया के केंद्र द्वारा धन के अन्यायपूर्ण और असमान वितरण के आरोप के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, मैं कर्नाटक में धन लाया हूं। दो तरह की राजनीति होती है। एक है आरोप-प्रत्यारोप की राजनीति और दूसरी है विकास और लोक कल्याण की राजनीति। भाजपा दूसरी तरह की राजनीति में विश्वास करती है।

# मिल्कीपुर में अखिलेश यादव ने किया बीजेपी की हार का दावा

**बोले– इतिहास का सबसे बड़ा उपचुनाव**

**संवाददाता/ अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ, समाजवादी पार्टी (सपा) प्रमुख अखिलेश यादव ने मांग की है कि मिल्कीपुर उपचुनाव निष्पक्षता और पारदर्शिता के साथ होना चाहिए। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया इस उच्च-स्तरीय चुनावी मुकाबले पर नजर रख रही है। लखनऊ में पत्रकारों से बात करते हुए सपा प्रमुख ने दावा किया कि बीजेपी मिल्कीपुर में अपनी जमीन खो चुकी है। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर में समाजवादी पार्टी के उम्मीदवार पीडीए के प्रतिनिधि हैं। समाजवादी पार्टी की



ऐतिहासिक जीत होगी। मिल्कीपुर में बड़ा उपचुनाव है।

अखिलेश ने कहा कि प्रदेश, देश और विदेश की मीडिया को भी वहां जाकर देखना चाहिए कि भाजपा सरकार में चुनाव कैसे होते हैं। हम सरकार से यह भी कहना चाहते हैं कि मिल्कीपुर के चुनाव पर सबकी नजर है। निष्पक्षता एवं पारदर्शिता के साथ चुनाव करायें। उन्होंने कहा कि मिल्कीपुर उपचुनाव देश के उपचुनावों के इतिहास का सबसे बड़ा चुनाव होगा। इसीलिए हम चाहते हैं कि दुनियाभर के जो जर्नलिस्ट हैं वो इस चुनाव को देखने-समझने-कवर करने आएं। इस चुनाव की केस स्टडी करने के लिए हम दुनिया के बड़े विद्वानों को आमंत्रित करते हैं।

सपा नेता ने कहा कि मिल्कीपुर का चुनाव PDA बनाम भाजपा के भ्रष्ट तंत्र के बीच का मुकाबला है। भाजपा भीतरघात से पहले ही कमजोर पड़ गयी है। भाजपा को हराने के लिए किसान, महिला और युवा तैयार बैठे हैं। मिल्कीपुर के चुनाव का रिजल्ट एक बड़ा संदेश देकर जाएगा। इस चुनाव के बाद भाजपा का ये भ्रम टूट जाएगा कि कुछ लोग हमेशा उन्हीं को वोट देते हैं। मिल्कीपुर में पीडीए का सौहार्द जीतेगा और साम्प्रदायिक राजनीति हारेगी।

फैजाबाद (अयोध्या) सांसद अवधेश प्रसाद ने अखिलेश के बयान पर कहा कि भाजपा ने पीडीए को कितना उपेक्षित और अपमानित किया है इसका उदाहरण सरकारी नौकरियों और उनकी पोस्टिंग में देखा जा सकता है। मुझे आशा और विश्वास है कि इस चुनाव में जो भी अधिकारी और कर्मचारी तैनात होंगे, वे सरकार के दबाव में काम नहीं करेंगे और करेंगे निष्पक्ष होकर लोगों को वोट देने में मदद करें। जो मंत्री यहां प्रचार के लिए आए हैं, उनमें से ज्यादातर विधानसभा चुनाव बुरी तरह हार गए हैं।

## हमलावर आक्रामक था लेकिन उसने आभूषणों को हाथ नहीं लगायाः करीना ने पुलिस को बताया

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, अभिनेता सैफ अली खान की पत्नी एवं अभिनेत्री करीना कपूर खान ने पुलिस को बताया है कि मुंबई में उनके घर में घुसने वाला हमलावर हाथापाई के दौरान आक्रामक हो गया था लेकिन उसने वहां रखे आभूषणों को हाथ तक नहीं लगाया। एक अधिकारी ने शनिवार को यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने बृहस्पतिवार तड़के खान दंपति के बांद्रा स्थित अपार्टमेंट में हुई घटना के सिलसिले में करीना के बयान दर्ज किए हैं। एक हमलावर ने सतगुरु शरण बिल्डिंग की 12वीं मंजिल पर स्थित खान (54) के अपार्टमेंट में घुसकर उनपर पर हमला कर दिया था। हमलावर ने अभिनेता की गर्दन सहित कई जगहों पर चाकू से वार किए थे। खान को लीलावती अस्पताल ले जाया गया जहां उनकी सर्जरी की गई। अधिकारी ने बताया कि करीना ने अपने बयान में कहा कि सैफ के साथ हाथापाई के दौरान हमलावर बहुत आक्रामक हो गया था और उसने सैफ पर कई बार चाकू से वार किया। हालांकि, उसने खुले में रखे आभूषणों को हाथ तक नहीं लगाया। उन्होंने बताया कि पुलिस ने अभी खान के बयान दर्ज नहीं किए हैं।

# कोलकाता रेप कांड... आ गया कोर्ट का बड़ा फैसला

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

कोलकाता, अदालत ने दोषी से कहा कि उसे सोमवार को बोलने की अनुमति दी जाएगी, जब वह उसकी सजा की अवधि की घोषणा करेगी। आरोपियों पर सोमवार को सुनवाई होगी। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उनकी सजा का ऐलान सोमवार को किया जाएगा। कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज और अस्पताल में एक प्रशिक्षु डॉक्टर के साथ बलात्कार और हत्या का दोषी ठहराए जाने के बाद, पूर्व सिविल स्वयंसेवक संजय रॉय ने सियालदह अदालत को बताया कि उन्हें मामले में झूठा फंसाया गया था। संजय रॉय को अस्पताल के सेमिनार हॉल के पास घूमते हुए सीसीटीवी कैमरे में कैद किया गया था, जहां डॉक्टर की हत्या हुई थी, ने शनिवार को दावा किया कि अपराध के दोषियों पर मुकदमा नहीं चलाया गया। मुझे झूठा फंसाया गया है। मैंने ऐसा नहीं किया है, जिन लोगों ने ऐसा किया है




उन्हें जाने दिया जा रहा है। अदालत ने दोषी से कहा कि उसे सोमवार को बोलने की अनुमति दी जाएगी, जब वह उसकी सजा की अवधि की घोषणा करेगी। आरोपियों पर सोमवार को सुनवाई होगी। अब उसे न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। उनकी सजा का ऐलान सोमवार को किया जाएगा। जज ने कहा मैंने मामले की सुनवाई के लिए 12:30 बजे का समय तय किया है। पिछले साल नवंबर में बंद कमरे में सुनवाई शुरू होने के करीब दो महीने बाद फैसला सुनाया गया। संजय रॉय को भारतीय न्याय संहिता की धारा 64, जो बलात्कार को नियंत्रित करती है, और अधिनियम की धारा 66 और 103 (1), जो हत्या के लिए सजा से संबंधित है, के तहत दोषी ठहराया गया था। बीएनएस की धारा 103 (1) में अधिकतम सजा मौत या आजीवन कारावास है। पीड़िता के माता-पिता ने दोषी फैसले के लिए न्यायाधीश को धन्यवाद दिया और कहा कि अदालत ने उनके भरोसे का सम्मान किया है। यह मामला 9 अगस्त को 28 वर्षीय स्नातकोत्तर मेडिकल प्रशिक्षु के कथित बलात्कार और हत्या से जुड़ा है, जिसका मृत शरीर अस्पताल के सेमिनार कक्ष में पाया गया था।

# अगर आप सत्ता में लौटी तो किराएदारों को भी मुफ्त बिजली, पानी की योजना का लाभ मिलेगाः केजरीवाल

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने शनिवार को घोषणा की कि अगर उनकी पार्टी फिर से सत्ता में आई तो किराएदारों को भी मुफ्त बिजली और पानी की योजना का लाभ देने के लिए निर्णायक कदम उठाएगी। राष्ट्रीय राजधानी में एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए उन्होंने दिल्ली के किराएदारों द्वारा उठाई गईं चिंताओं पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, मैं जहां भी जाता हूं, मुझे किराए पर रहने वाले लोग मिलते हैं और वे कहते हैं कि उन्हें अच्छे स्कूल और अस्पताल की सुविधा तो मिली हैं, लेकिन वे मुफ्त बिजली और पानी की योजनाओं से वंचित हैं। इस मुद्दे के समाधान का आश्वासन देते हुए केजरीवाल ने कहा, हम यह सुनिश्चित करेंगे कि चुनाव के बाद किराएदारों



को भी मुफ्त बिजली और पानी का लाभ मिले। यह घोषणा ऐसे समय में की गई है जब आम आदमी पार्टी पांच फरवरी को होने वाले दिल्ली विधानसभा चुनावों के लिए अपने प्रचार अभियान को तेज कर रही है। परिणाम आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। लगातार तीसरे कार्यकाल के लिये सत्ता में वापसी की कोशिश कर रही आप ने अपने अभियान को कल्याणकारी पहलों के इर्द-गिर्द तैयार किया है, तथा मुफ्त सुविधाओं और बेहतर सार्वजनिक सेवाओं को पार्टी की मुख्य ताकत के रूप में पेश किया है।

## केजरीवाल पर हुआ हमला! आप का आरोप, दिखाए गए काले झंडे और फेंके पत्थर

**एजेंसी / अमन लेखनी समाचार**

नई दिल्ली, आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल पर नई दिल्ली विधानसभा क्षेत्र में चुनाव प्रचार के दौरान हमला हुआ है। आप सूत्रों ने इस सीट से बीजेपी उम्मीदवार प्रवेश वर्मा पर आरोप लगाया है कि उनके गुंडों ने केजरीवाल पर हमला किया। हमले के बाद अअढ ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म का सहारा लिया और बीजेपी पर आरोप लगाया। इसमें कहा गया कि यह हमला भाजपा की हार के डर और घबराहट के कारण हुआ। आप ने एक्स पर लिखा कि हार के डर से बौखलाई इखढ, अपने गुंडों से करवाया अरविंद केजरीवाल जी पर हमला। भाजपा प्रत्याशी प्रवेश वर्मा के गुंडों ने चुनाव प्रचार करते वक्त अरविंद केजरीवाल जी पर ईंट-पत्थर से हमला कर उन्हें चोट पहुंचाने की कोशिश की ताकि वो प्रचार ना कर सकें। बीजेपी वालों, तुम्हारे इस कायराना हमले से केजरीवाल जी डरने वाले नहीं हैं, दिल्ली की जनता तुम्हें इसका करारा जवाब देगी।

आप की राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रियंका कक्कड़ ने कहा कि आज फिर नई दिल्ली विधानसभा में प्रचार कर रहे अरविंद केजरीवाल पर बीजेपी के गुंडों ने पत्थरों से हमला कर दिया।

## संक्षेप

### यूपी में फिर बारिश का अलर्ट, लखनऊ समेत कई जिलों में छाएगा घना कोहरा

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। अगले दो दिनों तक यूपी में मौसम शुष्क रहने वाला है। कहीं-कहीं घना तो कहीं बहुत घना कोहरा छाए रहने की संभावना है। दो दिनों बाद हल्की बारिश हो सकती है। मौसम विभाग ने 21 से 23 जनवरी तक हल्का कोहरा और हल्की बारिश के आसार जताएं हैं। इसके अलावा पश्चिमी और पूर्वी उत्तर प्रदेश के कुछ जिलों में शनिवार को घने कोहरे को लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। इनमें सिद्धार्थनगर, बस्ती, संतकबीर नगर, गोरखपुर, महराजगंज, कुशीनगर, देवरिया, मऊ, बलिया, इटावा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, हाथरस, अलीगढ़, आगरा व मथुरा शामिल हैं।

#### कोहरे का यलो अलर्ट जारी

वहीं गौतमबुद्धनगर, बुलंदशहर, हापुड़, मुरादाबाद, संबल, बदायूं, एटा, फरुर्खाबाद, औरैया, जालौन, झांसी, महोबा, हमीरपुर, बांदा, फतेहपुर, चित्रकूट, अयोध्या, बहराइच, अंबेडकरनगर, जौनपुर, सुलतानुपर, प्रयागराज, गोंडा, बलरामपुर श्रावास्ती आदि जिलों में कोहरे का यलो अलर्ट जारी किया गया है।

#### सबसे ठंडा रहा ये शहर

इसके तहत रात व सुबह वाहन चलाने वालों को सतर्कता बरतनी चाहिए। शनिवार को प्रदेश में न्यूनतम तापमान इटावा में सबसे कम छह डिग्री सेल्सियस रहा और सबसे अधिक लखीमपुर खीरी में 11 डिग्री सेल्सियस रहा। अधिकतम तापमान फतेहपुर में सबसे कम 16.6 डिग्री सेल्सियस व सबसे अधिक बहराइच में 26.4 डिग्री सेल्सियस रहा।

#### बिगड़ सकता है मौसम का मिजाज

लखनऊ में न्यूनतम तापमान 8.4 डिग्री सेल्सियस व अधिकतम तापमान 24.4 डिग्री सेल्सियस रहा। मौसम विभाग के अनुसार, कहीं-कहीं ओलावृष्टि भी मौसम का मिजाज बिगाड़ सकती है।

# भतीजे पर चढ़ा इश्क का भूत, चाची ने किया ब्रेकअप तो बेटी संग रेत दिया गला

## उपहार लेने के बाद प्रेमिका ने बात करना किया बंद, बना हत्या का कारण

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। मलिहाबाद थाना क्षेत्र के ग्राम ईसापुर में अवैध संबंधों के चलते बीते गुरुवार को चाची के इश्क में पागल भतीजे ने उसके बात न करने से नाराज होकर घर में घुसकर मां बेटी की गला रेतकर हत्या कर दी थी। घटना का पता चलते ही पुलिस ने दोनों शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेज जांच पड़ताल शुरू कर दी थी जिसके बाद महज 48 घंटे के अंदर ही पुलिस ने इस घटना का खुलासा करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है।

### लॉक डाउन से शुरू हुई चाची भतीजे में प्रेम कहानी

आरोपी ने पूछताछ में बताया कि उसका उसकी चाची के साथ लॉक डाउन में दोस्ती का सिलसिला शुरू हुआ था, जो आगे चलकर प्यार में बदल गया। मृतका गीता का पति बाहर रहता था, जिसके चलते उसे घर में आने जाने में भी दिक्कत नहीं होती थी। आरोपी विकास ने बताया कि वह गीता को इस रिश्ते के चलते आये दिन आभूषण सहित अन्य उपहार दिया करता था। आरोपी ने बताया कि साल 2023 में काम करने के लिए वह कुवैत देश गया था, जिसके बाद वह वहां से चाची के बुलाने पर वापस घर लौट आया। आरोपी के मुताबिक उसकी चाची ने मन न लगने की बात कहकर उसे वापस बुला लिया था।

### करवाचौथ पर मांगी थी साड़ी, नहीं मिलने पर बात करना किया बंद

आरोपी ने पुलिस को बताया कि करवाचौथ पर गीता ने साड़ी दिलाने को कहा था। हालात सही न होने के कारण विकास ने साड़ी नहीं दिला सका। यह बात चाची को पसंद नहीं आई। गीता ने प्रेमी से बात करना बंद कर दिया। कई बार कॉल करने पर फोन भी नहीं उठाया। सामने पड़ने पर मुंह मोड़ कर चली जाती थी।

### कम सैलरी में पूरी नहीं होती थी डिमांड, चाची ने रिश्ते से किया किनारा

डीसीपी विश्वजीत श्रीवास्तव ने



पुलिस की गिरफ्त में आरोपी विकास

बताया कि आरोपी मलिहाबाद में एक कपड़े की दुकान पर काम करता था, जहां वह दस से बारह हजार रुपये ही कमा पाता था। इतने खर्चे में उसे परिवार, अपना और अपनी प्रेमिका चाची का खर्च देखना पड़ता था। तनख्वाह कम होने की वजह से उसने चाची पर खर्च कम कर दिया, जिस वजह से उसकी चाची उससे नाराज रहने लगी। पुलिस ने बताया कि बीते 15 दिनों से दोनों में बिल्कुल बातचीत बंद हो गयी थी, जिससे वह मानसिक तौर पर काफी परेशान रहने लगा था।

### विद्युत पोल के सहारे घर में हुआ दाखिल

कोई और रास्ता ना देख आरोपी बुधवार /बृहस्पतिवार की रात घर के पीछे लगे बिजली के खंभे से चढ़कर उसके घर में घुस गया. इस दौरान खटपट की आवाज सुनकर गीता वहां पहुंच गई. उस समय उसने गीता से बात करने की कोशिश की, माफी भी मांगी, खूब रोया भी, लेकिन गीता ने बात करने से मना कर दिया. इस बात पर गुस्से में आरोपी ने पास में डंडे से गीता के ऊपर वार कर दिया. वहीं जब वह जमीन पर गिर गई तो किचन से चाकू उठा उसका गला रेत दिया. इतने में गीता की छह साल की बेटी दीपिका वहां पहुंच गई. आरोपी ने उसे भी पकड़कर मौत के घाट उतार दिया।

### बेटे ने भी आरोपी को पहचाना

मां-बेटी का शव मिलने के बाद गठित टीम में शामिल एसीपी वीरेंद्र विक्रम सिंह, एसीपी अमोल मुर्कुट, इंस्पेक्टर सतीश चंद्र साहू, शिवानंद मिश्रा, माल इंस्पेक्टर विनय चतुवेर्दी, सुरेश सिंह रहीमाबाद एसओ अनुभव सिंह सहित पुलिस टीम ने करीबियों से पूछताछ की। गीता के एक फोन की डिटेल खंगाली गई। गीता और उसी गांव निवासी विकास की कई फोटो भी मोबाइल में थी। बेटे दीपांशु ने भी पुलिस को विकास के कई बार घर आने की बात कही।

## चोरी करने वाले आरोपियों को पुलिस ने नकदी सहित किया गिरफ्तार



**अमन लेखनी समाचार/ हेमन्त यादव**

गरौठा,झांसी। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों के निर्देशन पर कोतवाली पुलिस गरौठा ने चोरी करने वाले तीन आरोपियों को नकदी सहित गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है।कोतवाली प्रभारी निरीक्षक गरौठा बलिराज शाही ने बताया कि 11 जनवरी 2025 को बदमाशों ने एक व्यक्ति के घर में घुसकर 1 लाख 98 हजार रुपए व एक मोबाइल फोन चोरी कर लिया था। उक्त मामले में कोतवाली गरौठा में आरोपियों के विरुद्ध सुसंगत धाराओं में मामला पंजीकृत किया गया था। शनिवार को पुलिस ने आरोपी विपिन पुत्र दयाराम,कोमल पुत्र प्यारेलाल व वकील पुत्र वसंते निवासीगण ग्राम दुरखुरु थाना गरौठा को चोरी के 1 लाख 4 हजार रुपए नकद व एक मोबाइल फोन सहित गिरफ्तार कर लिया। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम में कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बलिराज शाही,उपनिरीक्षक राकेश दीक्षित,उपनिरीक्षक सुभाषचंद्र यादव महिला उप निरीक्षक सुजाता शामिल रही।

## फांसी के फंदे पर झूलता मिला किसान का शव, हत्या का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**



मृतक प्यारे लाल फाइल- फोटो

लखनऊ। बीती देर शाम शराब के नशे में घर से गायब एक किसान का शव फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला परिजनों ने शराब पिलाकर हत्या करने का आरोप लगाते हुए दो लोगों के खिलाफ नामजद तहरीर दी है। पुलिस ने शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

मिली जानकारी के अनुसार माल थाना क्षेत्र के ग्राम अऊमऊ निवासी प्यारे लाल (62) का शव शनिवार सुबह गांव के किनारे पेड़ से गमछे के सहारे फांसी के फंदे पर झूलता हुआ मिला। परिजनों के मुताबिक वह शराब के नशे में शुक्रवार रात से गायब थे। बेटे अनिल ने आरोप लगाते हुए बताया कि मेरे पिता को शराब पिला कर बिना रुपये दिए जमीन लिखाने के लिए गांव के बबलू और देवरी गजा निवासी शिवनाथ के विरुद्ध पुलिस को तहरीर देकर कार्यवाही की मांग की है। बेटे ने बताया कि दोनों लोगों ने उनके पिता को कई दिन तक शराब पिला कर अपने साथ इधर उधर घुमाया। उसके बाद बिना रुपये दिए उसी गांव निवासी रामआसरे के नाम जमीन की बैनामा करा दिया। रुपयों के लेंन देन को लेकर विवाद चल रहा था। जिसके चलते शुक्रवार को दोनों लोगों ने दरवाजे पर आकर गाली गलौज की पिता को जान से मारने की धमकी भी दी थी। जिसके बाद अगले दिन पिता संदिग्ध परिस्थितियों में गांव के किनारे फांसी के फंदे पर झूलते हुए मिले जिसकी नाक से खून आ रहा था। और शरीर पर कई जगह खून लगा हुआ था।

सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस संबंध में माल थाना प्रभारी निरीक्षक विनय चतुवेर्दी ने बताया की शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।

## निगोहां प्रीमियर लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के चौथे दिन शानदार आगाज

**अमन लेखनी समाचार**

निगोहां। शनिवार को निगोहां प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनामेंट के चौथे दिन दो लीग मैच हुए। पहले मैच में करोरा टीम बल्लेबाजी करते हुए 15 ओवर में सात विकेट खोकर 160 रन बनाकर लक्ष्य तैयार किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए मां अन्नपूर्णा टीम ने 14 ओवर में 10 विकेट खोकर 87 रन पर ही ऑल आउट हो गई। वही दूसरे लीग मैच में नतौली टीम ने बल्लेबाजी करते हुए 9.1ओवर में 10 विकेट खोकर 55 रन का लक्ष्य निर्धारित किया। लक्ष्य का पीछा करते हुए एस एस निगोहां टीम ने 9.5 ओवर में 6 विकेट खोकर 59 रन बनाकर जीत दर्ज की। एस एस स्टार निगोहां के छोटू शुक्ला के शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मैन ऑफ द मैच चुना गया। वहीं



दूसरे मैच में करोरा टीम के बहेलिया ने शानदार प्रदर्शन को देखते हुए मैन ऑफ द मैच के लिए चुना गया।

## संदिग्ध हालात में बीटेक छात्रा लापता

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। एक निजी इंजीनियरिंग कालेज में बीटेक तृतीय वर्ष में पढने वाली छात्रा शनिवार की सुबह सदिग्धं परिस्थितियों में लापता हो गयी।काफी खोजबीन के बाद भी छात्रा का पता ना चलने पर साथी छात्राओ ने परिजनो को सूचना दी।जिसके बाद बिहार से मोहनलालगंज पहुंचे पिता समेत परिजनो ने पुलिस से लिखित शिकायत कर लापता बेटी को तलाशने की गुहार लगायी है।लापता छात्रा का मोबाइल फोन कालेज के कमरे में ही परिजनो को मिला है।बिहार प्रदेश के जनपद चंपारण के थाना बैरिया निवासी पप्पू प्रसाद चौरसिया ने पुलिस से शिकायत करते हुये बताया उनकी बेटी महक मोहनलालगंज के उत्तरगांव में स्थित



अम्बालिंका इंजीनियरिंग कालेज में बीटेक तृतीय वर्ष की छात्र थी ओर कुछ दूर पर बने कालेज के हास्टल में ही रहती थी।बेटी महक के साथ हास्टल में रहने वाली अन्य छात्राओ ने बताया शनिवार की सुबह साढे आठ बजे मोहनलालगंज जाने की बात कहकर कहकर निकली थी लेकिन वापस नही लौटी।जिसके बाद उसका मोबाइल फोन मिलाया तो वो कमरे में ही रखा मिला।तब जाकर छात्राओ ने कालेज में ही पढने वाले रिश्तेदार रोहित राज को सूचना दी।जिसके बाद उसने फोन पर परिजनो को छात्रा महक के लापता होने की सूचना पिता समेत परिजनो को फोन कर दी।जिसके बाद बिहार से मोहनलालगंज पहुंचे पीड़ित पिता ने पुलिस से लिखित शिकायत करते हुये लापता बेटी को तलाशने की गुहार लगायी है।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया पीड़ित पिता ने छात्रा के लापता होने की तहरीर दी है पुलिस टीमो को लापता छात्रा की तलाश के लिये लगाया गया है।

## नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारियों पर युवक को लाठी डंडों से पीटने का आरोप

**अमन लेखनी समाचार**

**सरोजनीनगर, लखनऊ।** सरोजनीनगर में एक युवक का नशा छुड़ाने के लिए उसे जीवन ज्योति नशा मुक्ति केंद्र में छोड़ना परिजनों को महंगा पड़ गया। आरोप है कि नशा मुक्ति केंद्र के कर्मचारियों ने युवक की लाठी डंडों से जमकर पिटाई कर दी। बाद में किसी तरह जानकारी पाकर परिजन उसे वहां से ले आए और सरोजनीनगर थाने में मामले की तहरीर दी है। पुलिस जांच पड़ताल कर रही है। राजधानी लखनऊ के पारा क्षेत्र में रहने वाली अंकिता शर्मा के मुताबिक उसका पति विकास (38) नशे का आदी था। उसका नशा छुड़ाने के लिए 5 जनवरी 2025 को अंकिता ने उसे सरोजनीनगर के सैनिक सोसायटी कॉलोनी स्थित जीवन ज्योति नशा मुक्ति केंद्र में भर्ती करवा दिया। चूंकि नशा मुक्ति केंद्र के नियमानुसार वहां किसी को मोबाइल रखने की इजाजत नहीं है, इसलिए अंकिता अपने पति का मोबाइल लेकर घर चली गई। अंकिता का कहना है कि वहां अंदर की व्यवस्था और माहौल की कोई जानकारी नहीं थी। व्यवस्था खान-पान और रहन-सहन सही न होने के कारण विकास वहां के प्रबंधक से रोज इसके बारे में शिकायत करता, लेकिन प्रबंधक ने उस पर ध्यान नहीं दिया और ना ही उसके घर वालों को कोई जानकारी दी। अंकिता के मुताबिक 13 जनवरी को विकास ने वहां के प्रबंधन से अपने परिवार वालों से बात कराने और घर वापस जाने के लिए गुहार लगाई। लेकिन प्रबंधन द्वारा उससे झूठ बोला गया कि परिवार को जानकारी दे दी गई है। जल्द ही उसे उसके घर वापस भेज दिया जाएगा। अंकिता का कहना है 15 जनवरी को जब विकास ने फिर बात की तो उससे कहा गया कि आज घर भेज दिया जाएगा। लेकिन ना तो उसे घर भेजा गया ना ही उसके परिजनों को सूचित किया गया। जबकि वहां के काउंसलर ने विकास से कहा कि 16 जनवरी को सुबह उसे घर भेज दिया जाएगा। इसके लिए वह अपना सामान पैक कर ले। अंकिता का कहना है कि अगले दिन सुबह 10 - 11 बजे विकास तैयार होकर बैठ गया। तब वहां के लोगों ने उससे कहा कि तुम्हारे घर वाले लेने आ रहे हैं। फिर दोपहर करीब डेढ़- 2 बजे विकास अपना सामान लेकर बाहर निकलने लगा। आरोप है कि इस दौरान शिवम और आरके नामक व्यक्ति ने विकास को धकेल कर बाहर से गेट बंद कर लिया। साथ ही अंदर के कुछ कर्मचारी, जिसमें एक नशे में धुत था। उसने विकास के साथ मारपीट की। इसके बाद विकास के हाथ पैर बांधकर मुंह में उंगली डालकर उसका मुंह बंद करके बेबस कर दिया गया। आरोप है कि जब तक विकास अधमरा नहीं हो गया, तब तक 8 -10 लोग उसे मारते पीटते रहे। अंकिता का कहना है कि वहां लगे सीसीटीवी कैमरे के मुताबिक उन्होंने विकास को मारने के लिए लाठी, बेल्ट और धारदार चीजों का भी प्रयोग किया। इसके बाद 17 जनवरी को विकास के परिजनों को सूचित किया गया कि आपके मरीज की तबीयत ठीक नहीं है। साथ ही 20000 रुपये अतिरिक्त मांगे गए। जबकि अंकित का कहना है की भर्ती करने के समय 25000 रुपये पहले ही जमा करा लिए गए थे। अंकित के मुताबिक जब वह परिवार सहित केंद्र पर पहुंची तो उन्हें गलत सूचना दी गई कि विकास ने हमारे स्टाफ के साथ मारपीट की। अंकिता का कहना है कि इस दौरान उससे फिर 17000 रुपये पहले ले लिए गए, उसके बाद ही विकास से मिलवाया गया। लेकिन विकास से मिलने के बाद जब पूरी घटना की जानकारी हुई तो इसकी सूचना पुलिस के 112 नंबर पर दी गई। जहां पहुंची पीआरवी पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण कर सीसीटीवी फुटेज प्राप्त किए। फिलहाल पीड़ित परिवार ने मामले को लेकर सरोजनीनगर थाने में तहरीर दी है। सरोजनीनगर थाना प्रभारी निरीक्षक राजदेव राम प्रजापति का कहना है कि मामले की जांच की जा रही है और यदि पीड़ित परिवार तहरीर देगा तो उसकी रिपोर्ट अवश्य दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## पुलिस ने खड़े ट्रकों से तिरपाल काटकर चोरी करने वाले गैंग का किया पर्दाफाश, चार गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

बंथरा। लखनऊ के बंथरा और सरोजनीनगर पुलिस ने संयुक्त रूप से एक बड़े आपराधिक गैंग का खुलासा करते हुए खड़े ट्रकों से तिरपाल काटकर माल चोरी करने वाले चार बेखौफ चोरों को गिरफ्तार किया है। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का माल, नकदी, और घटना में प्रयुक्त वाहन बरामद किया गया। बताया जाता है कि 1 जनवरी और 2 जनवरी की मध्यरात्रि को जुनाबगंज-मोहनलालगंज रोड पर खड़े ट्रक से फॉर्च्यून तेल की चोरी की घटना सामने आई। इस पर थाना बंथरा में प्राथमिकी दर्ज की गई। इसी प्रकार 3 जनवरी को थाना सरोजनीनगर क्षेत्र के ट्रांसपोर्ट नगर से खाद्य तेल चोरी की घटना हुई, वहां भी मामला पंजीकृत हुआ। जिसके बाद पुलिस ने पूरे मामले की गंभीरता से जांच शुरू की। पुलिस ने इस मामले में चार आरोपियों को




गिरफ्तार कर लिया है। वही इन अभियुक्तों के पास से 02 टीन फॉर्च्यून कच्ची घानी सरसों का तेल व 1 लाख,15 हजार 5 सौ रुपए की नगदी बरामद की है। वही घटना के दौरान उपयोग में लाई गई डीसीएम (वढ71ळ3366), भी बरामद कर ली गई है।

गिरफ्तार किए गए अभियुक्त रुखसार अहमद उम्र (51) गाड़ी चलाना और गाड़ियों से तिरपाल काटकर माल चोरी करता था।नसीम अहमद उम्र (58) तिरपाल काटकर माल चोरी करता था। अरुण कोटार्य (32) गाड़ी चलाना और तिरपाल काटकर माल चोरी करता था। वहीं सचिन चौरसिया उम्र (32) चोरी का माल खरीदना (किराने की दुकान मालिक) था। ये सभी अभियुक्त प्रयागराज के रहने वाले हैं। जबकि एक अभियुक्त तपन कुमार केसरवानी फरार है। वहीं बंथरा प्रभारी राम सिंह से इस खुलासे के बारे में बात की गई तो उन्होंने बताया कि खड़े ट्रकों से फॉर्चून तेल चोरी करने वाले शातिर चोरों को गिरफ्तार कर लिया गया है। अभियुक्तों में से कई के खिलाफ पहले भी वाराणसी और लखनऊ में चोरी व गैंगस्टर एक्ट के तहत मामले दर्ज हैं। इनमें से रुखसार अहमद के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट और अन्य धाराओं के तहत वाराणसी व लखनऊ में 7 से अधिक मामले दर्ज है। अरुण कोटार्य पर चोरी और गैंगस्टर एक्ट के तहत वाराणसी व लखनऊ में कई मामले दर्ज हैं। नसीम अहमद और सचिन चौरसिया पर लखनऊ में चोरी के दो मामलों में आरोपी है।

## बीएसएफ जवान के घर से दो बार कीमती साईकिल चोरी,रिपोर्ट दर्ज

**अमन लेखनी समाचार**

**लखनऊ ।** कृष्णा नगर कोतवाली क्षेत्र के एलडीए कालोनी में रहने वाले एक बीएसएफ जवान के घर से चोरो ने दो माह में दो नई साईकिल चोरी की घटना को अंजाम दिया है। जिसकी करतूत सीसी कैमरे में कैद हुई है ,जवान की शिकायत पर कृष्णा नगर पुलिस ने शुक्रवार को चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर फुटेज आधार पर चोरो की तलाश में जुटी है। कृष्णा नगर इंस्पेक्टर पी के सिंह ने बताया कि 199 वी वाहिनी सीमा सुरक्षा बल में एएसआई पद पर तैनात अभिषेक त्रिवेदी की पोस्टिंग वर्तमान में भारत बंग्लादेश बार्डर पर त्रिपुरा में नियुक्त है और उनका परिवार एलडीए कालोनी के सेक्टर डी-1 में रहता है बच्चे सीएमएस स्कूल में पढ़ते है। जवान के अनुसार बीते 29 नवम्बर को उनके घर से साईकिल चोरी हुआ था जिसकी शिकायत उन्होंने ईमेल द्वारा कृष्णा नगर पुलिस से किया था लेकिन उक्त मामले में मुकदमा दर्ज नहीं किया गया जिसके पश्चात उन्होंने दिसम्बर माह में पुनः नई साईकिल खरीदी लेकिन एक माह में ही चोरो ने पुनः पूर्व के भांति ही साईकिल चोरी कर लिया जिसका स्पष्ट फुटेज सीसी कैमरे में कैद हुआ है। कृष्णा नगर पुलिस ने जवान की शिकायत पर चोरी की धारा में मुकदमा दर्ज कर फुटेज आधार पर चोरो की तलाश में जुटी है।

## लखनऊ में बीच सड़क पर कार खड़ी कर दबंगों ने भाजपा नेता से की हाथापाई, लूटा वॉलेट, दो गिरफ्तार

**अमन लेखनी समाचार**

लखनऊ। बंथरा में बीच सड़क पर खड़ी कार को हटाने के लिए कहना मोहनलालगंज पूर्व विधानसभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता को महंगा पड़ गया। स्विफ्ट डिजायर कार सवार युवकों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। इसके बाद हाथापाई करते हुए भाजपा नेता की कार के डैशबोर्ड पर रखा पर्स लूट लिया।

बंथरा पुलिस ने दो सगे भाइयों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बंथरा के भटगांव निवासी पूर्व विधान सभा प्रत्याशी एवं भाजपा नेता देवेंद्र कुमार ने बताया कि वह शुक्रवार दोपहर अपनी कार से खेत की ओर जा रहे थे। तभी



रहीम नगर नहर मोड़ के पास स्विफ्ट डिजायर कार बीच रोड पर खड़ी कर आधा दर्जन युवक खड़े थे। देवेंद्र ने युवकों से कार को बीच सड़क से हटाने के लिए कहा।

### विरोध करने पर हाथापाई पर उतर आए दबंग

आरोप है कि इस पर सभी युवकों ने गाली गलौज करना शुरू कर दिया। विरोध करने पर हाथापाई पर उतर आए। दबंग ने अपना नाम रहीम नगर निवासी श्यामू पांडेय का भाई आनंद पांडेय बताया और कार के डैशबोर्ड पर रखी बीजेपी नेता का वॉलेट उठा ले गए। देवेन्द्र का कहना है कि वॉलेट में एटीएम, आधार कार्ड, पैन कार्ड व अन्य सामान था।

### दो सगे भाई गिरफ्तार

इस मामले में इंस्पेक्टर बंथरा राम सिंह का कहना है कि मामले की मुकदमा दर्ज कर दो सगे भाई श्याम किशोर और नंदकिशोर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। जबकि अन्य की तलाश की जा रही है।

## बच्ची से दुष्कर्म में 20 साल कैद

**अमन लेखनी समाचार**

मोहनलालगंज। एक गांव मे रहने वाली मासूम को टांफी दिलाने का लालच देकर एक जगंल में ले जाकर साढे तीन साल पहले फेरी लगाने वाले युवक राजेन्द्र सोनी निवासी ग्राम मुरलीनगर थाना जैतपुर जनपद बाराबंकी ने दुष्कर्म किया था।पुलिस ने पीड़ित परिजनो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी राजेन्द्र सोनी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।अभियुक्त राजेन्द्र सोनी को सजा दिलाने के लिये आपरेशन कन्विक्शन के तहत लखनऊ पुलिस व अभियोजन विभाग संयुक्त रूप से प्रयासरत था, अभियोजन व पुलिस की प्रभावी पैरवी के चलते शुक्रवार को विशेष न्यायाधीश पाक्सो एक्ट ने अभियुक्त राजेन्द्र को बीस वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाने के साथ ही 20हजार रुपए अर्थदंड से भी दंडित किया।एसीपी रजनीश वर्मा ने बताया अभियुक्त राजेन्द्र को न्यायालय से सख्त सजा दिलाने के लिये प्रभारी निरीक्षक अमर सिंह व एडीजीसी शैलेश कुमार सिंह व कोर्ट पैरोकार सुनील कुमार बराबर पैरवी कर रहे थे,उक्त सभी की न्यायालय में मजबूत पैरवी से ही अभियुक्त राजेन्द्र को बीस साल के कठोर कारावास की सजा समेत 20हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया हैं।

## संक्षेप

### स्वामित्व योजना के तहत कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव। विकास खण्ड मुख्यालय पर स्वामित्व योजना के तहत ब्लॉक प्रमुख द्वारा ग्रामीणों को उनके घरों के मालिकाना हक का कानूनी दस्तावेज (घरौनी) सौंपा गया। आज फतेहपुर चौरासी विकास खण्ड के हाल में स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम में ब्लॉक प्रमुख मनोज निषाद ने अधिकारियों,कर्मियों तथा ग्राम प्रधानों के साथ वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाभार्थियों से संवाद एवं उनके विचारों को सुनकर लोगों को घरौनी वितरित की। उन्होंने कहा यह दस्तावेज खतौनी की तरह ही घरों के लिए एक कानूनी प्रमाण है,जैसा कि कृषि भूमि के मालिकाना हक के लिए खतौनी होती है। ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनके घर के मालिकाना हक का अधिकार प्राप्त हुआ है । जिससे उनके लिए कई कानूनी प्रक्रियाओं में सहूलत होगी। सहायक विकास अधिकारी पंचायत हेमन्त कुमार, अवधेश लोधी, प्रधान पवन पाल, कुलदीप यादव, सर्वेश कुमार, राजनारायण सचिव अविरल श्रीवास्तव, विवेक कुमार आदि मौजूद रहें। वहीं क्षेत्र के गाड़ाई ग्राम पंचायत मे प्रधान लक्ष्मी नारायण, लखनापुर ग्राम पंचायत में विजयपाल यादव नें ग्राम सचिव एवं लेखपाल की मौजूदगी में ग्रामीड़ो को घरौंनी सौपी।

### 6 हजार के चक्कर में युवक ने गंवा दिए 66 हजार, आशा बहु पर लगा आरोप

अमन लेखनी समाचार

सफीपुर, उन्नाव। 6 हजार के चक्कर में युवक ने अपने मोबाइल से गूगल पे कर गंवा दिए 66 हजार जब युवक को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ तो उसके होश उड़ पीड़ित ने पुलिस को तहरीर दी पुलिस मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी कोतवाली क्षेत्र के गढ़ी मजरा सराय अख्तियार पुर निवासी गजेन्द्र पटेल पुत्र रमेश चंद्र ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि उसके घर में कुछ माह पूर्व एक पुत्र का जन्म हुआ था जिसमें सरकार द्वारा मातृत्व लाभ योजना के तहत धनराशि मिलनी थी पीड़ित ने बताया आज दोपहर गांव की आशा बहु रीता पत्नी जमुना प्रसाद ने 8981493605 मोबाइल नंबर पर बात कराई बात करने वाले युवक ने कहा तुम्हारे फोन नंबर पर किस्त जा नहीं रही है पहले अपने खाते से रुपया ट्रांसफर करो पीड़ित ने अपने मोबाइल फोन से गूगल पे से कई बार में 66 हजार भेज दिया जब कुछ देर उसका पैसा वापस नहीं आया तो उसने संपर्क किया तो उसका मोबाइल नंबर बंद बताता रहा तो युवक को अपने साथ हुई ठगी का अहसास हुआ पुलिस मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# अवैध खनन में 30 ट्रकों पर 15 लाख का जुर्माना

अमन लेखनी समाचार




उन्नाव। खनन माफियाओं पर शिकंजा कसने के उद्देश्य से खनन विभाग द्वारा जिले में बड़े स्तर पर प्रवर्तन अभियान चलाया गया। इस अभियान के दौरान विभाग ने अवैध खनन और नियमों के उल्लंघन में लिप्त 30 ट्रकों को पकड़ा और उन पर लगभग 15 लाख रुपए का जुमार्ना लगाया। यह कार्रवाई बीघापुर, अचलगंज, पुरवा, मौरावां, अजगैन और हसनगंज सहित विभिन्न क्षेत्रों में की गई ।खनन विभाग की टीम ने यह व्यापक अभियान चलाया। इस दौरान कई इलाकों में छापेमारी की गई और संदिग्ध वाहनों की जांच की गई। विभाग को सूचना मिली थी कि जिले के कुछ क्षेत्रों में बिना अनुमति के खनन किया जा रहा है और भारी मात्रा में बालू और अन्य खनिजों का परिवहन हो रहा है। सूचना के आधार पर विभाग की टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए इन इलाकों में छापेमारी की ।छापेमारी के दौरान नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रक पकड़े गए कार्रवाई के दौरान खनन विभाग की टीम ने पाया कि कई ट्रक बिना वैध अनुमति पत्र या निर्धारित मापदंडों का पालन किए बिना खनिजों का परिवहन कर रहे थे। इन सभी ट्रकों को तत्काल रोका गया और उनकी जांच की गई। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इन ट्रकों के चालकों के पास आवश्यक कागजात नहीं थे और वे निर्धारित सीमा से अधिक मात्रा में खनिजों का परिवहन कर रहे थे ।खनन विभाग ने नियमों का उल्लंघन करने वाले ट्रकों पर जुमार्ना लगाते हुए लगभग 15 लाख रुपये वसूले। विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह कार्रवाई न केवल अवैध खनन पर रोक लगाने के लिए की गई, बल्कि यह संदेश देने के लिए भी थी कि अवैध गतिविधियों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा ।खनन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस कार्रवाई का मुख्य उद्देश्य अवैध खनन और खनिजों के गैर-कानूनी परिवहन को रोकना है। उन्होंने कहा कि अवैध खनन न केवल सरकारी राजस्व को नुकसान पहुंचाता है, बल्कि पर्यावरण और स्थानीय समुदायों पर भी नकारात्मक प्रभाव डालता है ।आगे भी जारी रहेगा अभियान-खनन विभाग ने यह भी चेतावनी दी कि आगे भी इस तरह के अभियान जारी रहेंगे। विभाग के अधिकारियों ने जनता से अपील की है कि यदि उन्हें किसी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की जानकारी हो, तो

# गणतंत्र दिवस दिवस की तैयारियों को लेकर डीएम व एसपी ने की बैठक

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। जनपद में 24 जनवरी को यूपी दिवस, 25 जनवरी को मतदाता दिवस एवं 26 जनवरी को गणतंत्र दिवस की तैयारियों को लेकर जिलाधिकारी गौरांग राठी की अध्यक्षता व पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट स्थित पन्नालाल सभागार में जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई।

इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुरूप यूपी दिवस, मतदाता दिवस एवं गणतंत्र दिवस पूरी भव्यता एवं गरिमा के साथ मनाए जाए। उन्होंने बताया कि यूपी दिवस के अवसर पर निराला प्रेक्षागृह परिसर में विभागीय योजनाओं की प्रदर्शनी, मतदाता दिवस पर मतदाता शपथ, नए वोटर्स को एपिक वितरण, अच्छा कार्य करने वाले बीएलओ को प्रशस्ति पत्र, जागरूकता रैली तथा गणतंत्र दिवस को झण्डा फहराना, परेड, झाकियों की प्रस्तुति, सांस्कृतिक कार्यक्रम आदि कार्यक्रम किए जाएगें।

उन्होंने कहा कि यूपी दिवस के अवसर पर जनपद की उपलब्धियों तथा पिछले 01 साल में किए गए विशेष कार्य/नवाचार आदि को स्टॉल के माध्यम से प्रदर्शित किया जाए। उन्होने तहसील स्तरीय अधिकारियों को भी निर्देश दिए कि मतदाता दिवस के अवसर पर अपने-अपने क्षेत्रान्तर्गत मतदाता शपथ एवं मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन कराएं ।बैठक में मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुनील कुमार गोंड, अपर जिलाधिकरी (न्यायिक) विकास कुमार सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक प्रेम चन्द्र, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी, क्षेत्राधिकारी सदर सोनम सिंह, डीडीओ संजय पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारी गण आदि मौजूद रहे।

## संदिग्ध परिस्थितियों में फांसी के फंदे पर लटकता मिला युवक का शव

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। थाना बारासगवर क्षेत्र के गाँव तलिहई में एक युवक ने संदिग्ध अवस्था मे अज्ञात कारणों से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुँची पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया है। थाना क्षेत्र के तलिहई गाँव निवासी सत्य प्रकाश उर्फ करन पुत्र स्वर्गीय सोभनाथ उम्र लगभग 23 वर्ष ने शुक्रवार शाम लगभग आठ बजे घर से करीब एक किलोमीटर दूर अपने खेत मे आम के पेड़ से लटककर जान दे दी। परिजन जब शाम को खेत की रखवाली करने गए सत्य प्रकाश के शव को पेड़ से लटका देख बदहवाश हो गए । आनन फानन में पुलिस को सूचना दिए जाने पर थाना बारासगवर के वरिष्ठ उप निरीक्षक मानिक राम वर्मा मय फोर्स मौके पर पहुंचे जहा उन्होंने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया ।थाना प्रभारी धर्मेंद्र नाथ मिश्रा ने बताया परिजनों की तरफ से अभी कोई तहरीर नही आई है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट उपरांत अग्रिम विधिक कार्यवाही की जाएगी। दिवंगत अविवाहित था । दिवंगत दो भाई व दो बहन है जिनमे बड़े भाई धुन्नर व बहन कल्पना की शादी हो चुकी है जबकि छोटा भाई जयप्रकाश व बहन अर्चना अविवाहित है ।माता ललिता सहित पूरे परिवार का रो रो बुरा हाल है।

## तीन भट्टी व अवैध शराब बनाने के उपकरणों को किया गया नष्ट

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। एसपी दीपक भूकर के निर्देशन में अवैध कच्ची शराब के व्यापार और निष्कर्षण के खिलाफ व्यापक स्तर पर अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में थानाध्यक्ष आसोहा विमलकांत गोयल और उनकी टीम ने ग्राम सोहो के जंगलों में बड़ी कार्रवाई करते हुए तीन भट्टियों, अवैध शराब बनाने के उपकरणों को नष्ट किया और जमीन में गड़े हुए करीब 4 कुंतल लहन को निकालकर नष्ट किया ।ग्राम सोहो के घने जंगलों में चल रहे इस अवैध कारोबार का पता लगाने के लिए पुलिस ने आधुनिक तकनीक का सहारा लिया। ड्रोन की मदद से क्षेत्र में अवैध शराब निर्माण के स्थानों को चिन्हित किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने कांबिंग अभियान चलाकर इन ठिकानों पर छापा मारा। इस कार्रवाई में कच्ची शराब की तीन भट्टियां और शराब बनाने में इस्तेमाल होने वाले उपकरण बरामद किए गए, जिन्हें मौके पर ही नष्ट कर दिया गया ।पुलिस टीम ने मौके पर गहन जांच-पड़ताल की तो 9 स्थानों पर जमीन के अंदर बड़े पैमाने पर लहन गड़ा हुआ पाया गया। लगभग 4 कुंतल लहन को जमीन से निकालकर पुलिस ने मौके पर ही नष्ट कर दिया। लहन, जो कच्ची शराब बनाने में उपयोग होता है, को नष्ट कर शराब माफियाओं के मंसूबों पर पानी फेर दिया गया ।पुलिस अधीक्षक दीपक भूकर ने कहा कि जिले में अवैध कच्ची शराब के कारोबार को पूरी तरह समाप्त करने के लिए लगातार अभियान चलाया जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की गतिविधियां न केवल कानून का उल्लंघन करती हैं, बल्कि समाज और स्वास्थ्य के लिए भी गंभीर खतरा उत्पन्न करती हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि ऐसे कार्यों में लिप्त पाए जाने वालों के खिलाफ कठोरतम कानूनी कार्रवाई की जाएगी ।पुलिस ने स्थानीय जनता से अपील की है कि वे अवैध शराब के निर्माण और बिक्री से संबंधित किसी भी जानकारी को तुरंत पुलिस को दें। उन्होंने कहा कि इस तरह की जानकारी देने वालों की पहचान गोपनीय रखी जाएगी।

## बाइक सवार युवक को कार ने मारी टक्टर, मौत

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। अचलगंज पुरवा मार्ग पर शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। चपरी पानी टंकी के पास तेज रफ्तार कार ने बाइक सवार को टक्कर मार दी, जिससे दोनों वाहन नहर की खंती में पलट गए। हादसे में बाइक सवार 32 वर्षीय मनोज चौरसिया की दबकर मौत हो गई। मृतक के परिजनों में गहरा शोक है। शनिवार को शव का पुलिस ने पोस्टमार्टम कराया है ।जानकारी के अनुसार मनोज चौरसिया नेवरना गांव के रहने वाले थे और गांव में पान की दुकान चलाते थे। शुक्रवार को वह चपरी गांव में फसल की रखवाली के लिए सेंठा काटने आए थे। इसी दौरान एक तेज रफ्तार कार ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि कार और बाइक दोनों खंती में जा गिरे। दुर्घटना के बाद कार में सवार पिता और उनकी बेटी किसी तरह पानी से बाहर निकलकर भागने में सफल रहे ।घटना की सूचना पर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और उन्होंने पानी से मनोज को बाहर निकाला। हालांकि, तब तक उनकी सांसें थम चुकी थीं। पुलिस ने एम्बुलेंस बुलाकर मनोज को पास के सीएचसी (सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र) भेजा, जहां डॉक्टर आशुतोष वैष्णव ने उन्हें मृत घोषित कर दिया ।मनोज चौरसिया अपने परिवार में तीसरे नंबर के थे और पांच भाइयों में से एक थे। उनकी पत्नी की मृत्यु पिछले साल हुई थी। अब वह अपनी ढाई साल की बेटी को अकेला छोड़ गए हैं। इस घटना के बाद परिवार में गहरा दुख व्याप्त है। घटना स्थल पर मौजूद लोगों ने बताया कि टक्कर मारने वाली कार भी नेवरना गांव की थी और उसमें सवार व्यक्ति अपनी बेटी के साथ यात्रा कर रहा था। हादसे के बाद दोनों वाहन खंती में ही पड़े रहे, जिन्हें रात होने के कारण बाहर नहीं निकाला जा सका।

## स्वस्थ्य जीवन का आधार है नियमित व्यायामः डॉ इक़्तेदार अली

अमन लेखनी समाचार



बांगरमऊ, उन्नाव। वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ इक़्तेदार अली का कहना है कि अगर नियमित रूप से व्यायाम किया जाए और संतुलित भोजन प्रयोग किया जाए तो तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। मालूम हो कि नगर के लखनऊ रोड पर डॉ अनीस के क्लीनिक पर प्रत्येक रविवार को प्रातः 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक लखनऊ के वरिष्ठ हड्डी एवं जोड़ रोग विशेषज्ञ डॉ इक़्तेदार अली जो एमबीबीएस, एमएस (ऑर्थो) हैं बैठ रहे हैं। उन्होंने बताया कि सभी प्रकार के फ्रैक्चर, एक्सीडेंट चोट, उठने-बैठने व चलने में परेशानी, कूल्हे व घुटनों का जोड़ प्रत्यारोपण/ रिप्लेसमेंट, स्पाइन फ्रैक्चर, रीड की हड्डी में दर्द बना रहना, गठिया रोग, साइटिका, डिस्क प्रोलेप्स, छोटे चीरे द्वारा पैर में रॉड व प्लेट डालना, जोड़ों में बार-बार पानी भरना एवं सूजन आना, स्पोर्ट्स इंजरी (लिगामेंट)/ मेनिस्कस/ रोटेटर कफ, हड्डी में टेड़ापन, कॉम्प्लेक्स ट्रामा, बोन ग्राफ्टिंग अन्य सभी प्रकार की ऑर्थो ट्रामा सर्जरी से संबंधित इलाज व सर्जरी करते हैं। उन्होंने बताया कि अगर नियमित रूप से व्यायाम किया जाए और संतुलित भोजन प्रयोग किया जाए तो तमाम बीमारियों से बचा जा सकता है। उन्होंने बताया कि लोग भोजन को ज्यादा प्राथमिकता देते हैं, यही कारण है कि वजन तेजी से बढ़ता है जिससे शरीर में तमाम तरह की व्याधियां पैदा हो जाती हैं, जो पूरी उम्र बनी रहती हैं। व्यायाम के बिना जीवन निष्क्रिय हो जाता है जो बीमारियों का घर बन जाता है। वजन बढ़ने के साथ ही गर्दन, कमर व जोड़ों में दर्द होने लगता है, इसलिए नियमित रूप से व्यायाम करें। सुबह टहलें, इसके साथ ही भोजन की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान दें, संतुलित व पौष्टिक भोजन ही ग्रहण करें, शरीर के लिए जितना जरूरी हो उतना ही लें। अनावश्यक जंक, फास्ट, व तली-भुनी चीजों का सेवन न करें।

## लाभार्थियों को घरौनी प्रापर्टी कार्ड किए गए वितरित

अमन लेखनी समाचार



उन्नाव। स्वामित्व योजना के अन्तर्गत जनपद में राजस्व विभाग एवं पंचायतीराज विभाग के समन्वित प्रयास से तैयार किए गए सम्पत्ति कार्ड (घरौनियों) का प्रधानमंत्री द्वारा निराला प्रेक्षागृह के सभागार में इलेक्ट्रानिक वितरण कार्यक्रम में जनपद के जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों द्वारा प्रधानमंत्री का उद्बोधन सुना गया। इस अवसर पर जिला पंचायत अध्यक्षा शकुन सिंह, विधायक सदर पंकज गुप्ता एवं जिलाधिकारी गौरांग राठी द्वारा इस योजना के लाभार्थियो को घरौनी/प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किये गये। इस प्रकार आज जनपद के 94122 लाभार्थियों को स्वामित्व कार्ड प्रदान किया गया। घरौनी के सम्बन्ध में अपने उद्बोधन में प्रधानमंत्री द्वारा बताया गया कि यह सिर्फ एक दस्तावेज ही नही है बल्कि ग्रामीण क्षेत्र के लोगों का इससे प्रगति का रास्ता भी खुल रहा है। हमारी सरकार पूरी ईमानदारी के साथ गॉधी ग्राम स्वराज के सपने को साकार करने का प्रयास कर रही है। इससे लोगो को अपनी सम्पत्ति का अधिकार मिला है। जिससे विभिन्न प्रकार की बैंकिंग सेवाएं प्राप्त कर ग्रामीण लोग जीविका के नये साधन सृजित कर पा रहे है। गॉवों में सम्पत्ति को लेकर आपसी झगड़े कम हो रहे है। इस मौके पर उन्होने स्वामित्व योजना के लाभार्थियों से संवाद भी किया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के 120 गॉवों को छोड़कर सभी राजस्व ग्रामों में स्वामित्व योजना के तहत ड्रोन सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। इसी वित्तीय वर्ष में जनपद के सभी लोगो को घरौनी/प्रॉपर्टी कार्ड उपलब्ध करा दिया जायेगा। अपनी आबादी भूमि पर मालिकाना हक पाकर लोग अपना आर्थिक विकास करने में सक्षम हो रहे है। जिला पंचायत अध्यक्षा ने कहा कि जनपद के लोगों को स्वामित्व कार्ड दिलाने के लिए प्रधानमंत्री बधाई के पात्र है। उन्होने जिला प्रशासन से भी अपील की है कि जल्द से जल्द जनपद के सभी लोगो को इस योजना का लाभ पहुँचाया जाए। कार्यक्रम में नगर पालिका गंगाघाट की चेयरमैन कौमुदी पाण्डेय, मुख्य विकास अधिकारी प्रेम प्रकाश मीणा, अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गोंड, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी चित्रा शर्मा, जिला पंचायतराज अधिकारी रामाधार, उप जिलाधिकारी सदर क्षितिज द्विवेदी सहित अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण आदि उपस्थित रहे।

## मिर्जापुर में 771 गांव के लोगों को मिली घरौनी

### स्वामित्व योजना के तहत 29,083 लोगों को सौंपा गया प्रमाण पत्र

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, मिर्जापुर में स्वामित्व योजना के तहत एक बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। जिले के 771 राजस्व गांवों में कुल 29,083 लोगों को घरौनी (संपत्ति कार्ड) का वितरण किया गया। यह कार्यक्रम प्रधानमंत्री की वर्चुअल उपस्थिति में संपन्न हुआ। जिसमें देश भर के करीब 50 हजार गांवों में 65 लाख प्रॉपर्टी कार्ड वितरित किए गए। जिले में सदर तहसील के 220 गांवों में 8,661, चुनार के 199 गांवों में 13,809, लालगंज के 215 गांवों में 3,200 और मड़िहान तहसील के 137 गांवों में 3,413 लोगों को घरौनी मिली। यह योजना ग्रामीण क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को उनकी संपत्ति का कानूनी अधिकार प्रदान करती है। मंडलायुक्त बालकृष्ण त्रिपाठी ने बताया कि यह योजना गांवों में आए दिन होने वाले संपत्ति विवादों को खत्म करने में मददगार साबित होगी। विधान परिषद सदस्य श्याम नारायण के अनुसार, पहले कब्जे के आधार पर आबादी को हिस्सा दिया जाता था। जिससे विवाद बढ़ते थे। अब मालिकाना हक मिलने से यह समस्या दूर होगी। जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में आयोजित कार्यक्रम में कई प्रमुख जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिनमें नगर विधायक रत्नाकर मिश्र, जिला पंचायत अध्यक्ष राजू कनौजिया, विधायक छानबे रिंकी कोल और नगर पालिका अध्यक्ष श्याम सुंदर केसरी शामिल थे। घरौनी मिलने से अब लाभार्थी बैंक से लोन ले सकते हैं और अपना रोजगार शुरू कर सकते हैं, जो उनके आर्थिक सशक्तिकरण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

## ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के जिला अध्यक्ष किए गए मनोनीत

अमन लेखनी समाचार



सुमेरपुर, उन्नाव। तहसील बीघापुर के कस्बा बिहार निवासी श्रीकांत तिवारी पुत्र शीतला प्रसाद तिवारी को ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के उत्तर प्रदेश राज्य के जनपद-उन्नाव के जिला अध्यक्ष पद का दायित्व दिए जाने से कस्बा वासियों में खुशी की लहर दौड़ गयी। दिव्यांग श्री कांत तिवारी भाजपा में सुमेरपुर मंडल के महामंत्री पद का निर्वाहन करते हुए जिला कार्य समिति में सदस्य पद हेतु चुन लिए गए थे। साथ दिव्यांगजन फाउंडेशन के जिलासचिव के पद पर रहते हुए दिव्यांगों हेतु लगातार मदद करते आये है। उत्तर प्रदेश ब्राह्मण वेलफेयर महासभा के प्रदेश अध्यक्ष आनंद मोहन मिश्रा द्वारा जारी लेटर में श्री कांत तिवारी को जिला अध्यक्ष पद के लिए चयन किया गया है। उनके इस चयन पर कस्बा वासियों में धन्नर तिवारी,दिनेश दीक्षित,विनोद तिवारी ,नरेश मिश्रा,कुलदीप सिंह,शुभम मेडिकल स्टोर,आदि ने हर्ष ब्यक्त किया है।

# 30.5 करोड़ की हुई चोरी राम-जानकी की मूर्ति बरामद

### मिर्जापुर से सपा के राष्ट्रीय महासचिव समेत 4 गिरफ्तार

अमन लेखनी समाचार



मिर्जापुर, मिर्जापुर के पड़री थाना पुलिस ने श्रीराम-जानकी मंदिर से चोरी हुई करोड़ों की कीमती मूर्तियों को बरामद कर लिया है। मकर संक्रांति की रात हुई इस चोरी में मंदिर का पुजारी भी शामिल निकला। पुलिस ने समाजवादी पार्टी युवजन सभा के राष्ट्रीय महासचिव और पूर्व जिला पंचायत सदस्य रायबहादुर पाल समेत चार लोगों को गिरफ्तार किया है। जांच में पता चला कि आरोपियों ने मंदिर के पुजारी बंशीदास को विश्वास में लेकर मूर्तियों के बदले करोड़ों रुपए का प्रलोभन दिया था। बरामद की गई मूर्तियों में श्रीराम की मूर्ति 22.030 किग्रा, लक्ष्मण की मूर्ति 22.430 किग्रा और जानकी की मूर्ति 21.590 किग्रा वजन की हैं। इसके अलावा दो मुकुट, एक हार और एक मछली के आकार का कुंडल भी बरामद किया गया है। सभी मूर्तियां अष्टधातु से निर्मित हैं, जिनकी कुल कीमत लगभग 30.5 करोड़ रुपए आंकी गई है। सर्विलांस और एसओजी की संयुक्त टीम ने मुखबिर की सूचना पर हाईमाई मंदिर के पास से बोलेरो सवार आरोपियों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने वंशीदास, लवकुश पाल, मुकेश कुमार सोनी और रामबहादुर पाल को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। इस सफल कार्रवाई के लिए पुलिस टीम को 40 हजार रुपये का इनाम दिया गया है।

## सम्पादकीय

# भारत की सैन्य ताकत रक्षा व विकास के लिए

भारत की सैन्य क्षमता आत्मरक्षा, शांति और विकास के लिए है। राष्ट्र ने आज 77वां सेना दिवस मनाया है। आजादी के बाद अतीत में देश पर पांच युद्ध थोपे गए। भारत को चार बार पाकिस्तान से और एक बार चीन से जंग लड़नी पड़ी। भारत ने आक्रामकता और विस्तारवाद की नीति के तहत कभी भी कोई युद्ध या सैन्य संघर्ष नहीं किया है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को आज ही राष्ट्र को समर्पित किया गया है। यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया गया है। ये तीनों स्वदेशी हैं। फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। इस मौके पर पीएम नरेन्द्र मोदी ने विश्व को आश्वस्त करते हुए संदेश दिया है कि 21वीं सदी के भारत के सैन्य सामर्थ्य का अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है, लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। भारत अपनी सैन्य ताकत को इसलिए हाईटेक और मजबूत बना रहा है, ताकि देश अपनी विकास यात्रा को निर्बाध जारी रख सके। भारत की सैन्य शक्ति दूसरे किसी मुल्क को न परेशान करने के लिए है और न ही विस्तारवाद की नीयत से है। पर हां, भारत की तरफ जो भी आंख उठाकर देखेगा, उसको माकूल जवाब दिया जाएगा। भारत ने आधुनिक हथियार, टैंक, मिसाइल, फाइटर प्लेन, परमाणु पनडुब्बी, हाईटेक युद्धपोतों आदि से अपनी सैन्य क्षमता को लैस किया है, जिससे भारत की सेना आज विश्व की बड़ी शक्तिशाली सेना बन गई है। संयुक्त राष्ट्र की शांति सेना दल में भी भारत महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। भारत अपने पड़ोसियों की भी सैन्य रक्षा करता रहा है। हिंद-प्रशांत महासागर, अरब सागर, लाल सागर, अदन की खाड़ी आदि जलक्षेत्र में बड़ी नौवहन ताकत है। ग्लोबल साउथ में भारत चीन के बाद दूसरी बड़ी सैन्य शक्ति है, लेकिन चीन की सैन्य शक्ति पर दूसरे मुल्कों को भरोसा नहीं है, कारण चीन के अपने सभी 13 पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद है और चीन की विस्तारवादी नीति विवादों में रही है, चीन किसी के लिए भरोसेमंद नहीं है। इसलिए ग्लोबल साउथ के कोई भी देश चीन से खुद को सुरक्षित नहीं समझते हैं, जबकि भारत के प्रति सकारात्मक भरोसा है। प्रधानमंत्री के शब्दों में आज भारत को पूरे विश्व और 'ग्लोबल साउथ' में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति है। भारत ने हमेशा एक खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। 1962 युद्ध के बाद गलवान की घटना ने चीन को भारत की नजर में अविश्वसनीय बना दिया है। इसलिए सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी सेना दिवस पर दो टूक चेतावनी दी है कि गलवान में जो कुछ हुआ, वैसा मंजर फिर नहीं होना चाहिए। भारत अपने पड़ोसियों के साथ शांतिपूर्ण संबंधों का पक्षधर रहा है, पर उकसाने पर मुंहतोड़ जवाब भी दिया है और आगे भी देता रहेगा। भारत ने अपने सीमाई क्षेत्र में सड़क, रेल, एयरपोर्ट इन्फ्रास्ट्रक्चर को मजबूत किया है, सैन्य उपकरण निर्माण में आत्मनिर्भरता की ओर बढ़ा है। विकसित भारत सैन्य व सामरिक रूप से भी बहुत मजबूत होगा और आज का सैन्य रूप से समर्थ भारत वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक गतिशीलता को दिशा देने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। भारत में विश्व की श्रेष्ठ सैन्य ताकत बनने की क्षमता है।



**विस चुनाव**
राज कुमार सिंह

# क्या दिल्ली की सत्ता में खिलेगा कमल

> पांच साल में तीन मुख्यमंत्रियों के प्रयोग के बावजूद भाजपा 1998 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार नहीं टाल पायी और कांग्रेस बाजी मार ले गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पार्टी या जनता दल के असर को अपवाद मान लें तो दिल्ली की राजनीति में हमेशा भाजपा (जो पहले जनसंघ रही) और कांग्रेस का ही दबदबा रहा, लेकिन 1998 में बहुमत मिलने पर कांग्रेस ने भी, पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती रहीं शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बनाया। हां, भाजपा ने जहां पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले, वहीं शीला दीक्षित ने लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि भाजपा नगर निगम से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस को कड़ी चुनौती देती रही।

दिल्ली की सियासत भी अजब है। लोकसभा चुनाव में भाजपा को सभी सातों सीटें जिताने वाले मतदाता विधानसभा चुनाव में उसे दिल्ली की सत्ता के पास नहीं फटकने दे रहे। नरेंद्र मोदी लगातार तीसरी बार देश के प्रधानमंत्री बने हैं। ज्यादातर राज्यों में भी भाजपा या उसके गठबंधन की सरकार हैं, लेकिन देश का दिल कही जाने वाली दिल्ली में कमल नहीं खिल पा रहा। दिल्ली की सत्ता से भाजपा के वनवास को 27 साल होने वाले हैं। निश्चय ही यह स्थिति दिल्ली भाजपा के नेताओं पर बड़ा सवालिया निशान लगाती है।

आजादी के बाद पहले चुनाव में कांग्रेस के चौधरी ब्रहमप्रकाश दिल्ली के पहले मुख्यमंत्री बने थे, लेकिन फिर दिल्ली को केंद्र शासित क्षेत्र घोषित करते हुए विधानसभा समाप्त कर दी गयी। 1956 से 1993 तक दिल्ली में राष्ट्रपति शासन रहा। दिल्ली में फिर विधानसभा बहाल होने के बाद 1993 में हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा को जनादेश मिला। तब दिल्ली में भाजपा नेताओं की चर्चित तिकड़ी होती थी- केदारनाथ साहनी, विजय कुमार मल्होत्रा और मदनलाल खुराना। उसी तिकड़ी के एक सदस्य मदनलाल खुराना मुख्यमंत्री बनाये गये, लेकिन हालात कुछ ऐसे बिगड़ते गये कि पांच साल में भाजपा को तीन मुख्यमंत्री बदलने पड़े। खुराना को हटा कर 1996 में दिल्ली देहात के बड़े नेता साहिब सिंह वर्मा को मुख्यमंत्री बनाया गया तो 1998 के विधानसभा चुनाव से बमुश्किल तीन महीने पहले हरियाणा मूल की सुषमा स्वराज को मुख्यमंत्री बना दिया गया।

पांच साल में तीन मुख्यमंत्रियों के प्रयोग के बावजूद भाजपा 1998 के विधानसभा चुनाव में अपनी हार नहीं टाल पायी और कांग्रेस बाजी मार ले गयी। ग्रामीण क्षेत्रों में जनता पार्टी या जनता दल के असर को अपवाद मान लें तो दिल्ली की राजनीति में हमेशा भाजपा (जो पहले जनसंघ रही) और कांग्रेस का ही दबदबा रहा। दोनों के पास दिल्ली में दिग्गज नेता भी रहे, लेकिन 1998 में बहुमत मिलने पर कांग्रेस ने भी, पहले उत्तर प्रदेश में राजनीति करती रहीं शीला दीक्षित को मुख्यमंत्री बनाया। हां, भाजपा ने जहां पांच साल में तीन मुख्यमंत्री बदले, वहीं शीला दीक्षित ने लगातार तीन बार कांग्रेस सरकार बनाकर रिकॉर्ड बना दिया। हालांकि भाजपा नगर निगम से लेकर विधानसभा तक कांग्रेस को कड़ी चुनौती देती रही। लेकिन भ्रष्टाचार के विरुद्ध जन लोकपाल मुद्दे पर अन्ना हजारे के आंदोलन के बाद बनी आम आदमी पार्टी (आप) के उदय से कांग्रेस के साथ-साथ भाजपा भी हाशिये पर फिसलती गयी। बेशक आप की भागीदारी वाले 2013 के पहले विधानसभा चुनाव में 31 सीटों के साथ भाजपा सबसे बड़े दल के रूप में उभरी, लेकिन 28 विधायकों वाली आप, आठ विधायकों वाली कांग्रेस के समर्थन से सरकार बनाने में सफल हो गयी। हालांकि अरविंद केजरीवाल की वह सरकार 49 दिन ही चल पायी। कांग्रेस पर भ्रष्टाचार के आरोप लगाते हुए वैकल्पिक राजनीति की वकालत करने वाले अरविंद केजरीवाल और उनकी पार्टी को कांग्रेस से उस दोस्ती के लिए कठघरे में खड़ा कर भाजपा खुद को आगे ला सकती थी, लेकिन बुढ़ाते नेतृत्व की जगह नये नेतृत्व को उभारने में नाकामी और प्रधानमंत्री मोदी पर ही पूरी तरह निर्भरता उसे भारी पड़ी। 2013 के विधानसभा चुनाव में



सबसे बड़े दल के रूप में उभरने के बावजूद भाजपा ने 2015 के चुनाव में अपने नेताओं को नजरअंदाज कर रिटायर्ड महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाया।

शायद भाजपा अन्ना हजारे के दो शिष्यों केजरीवाल और किरण बेदी के बीच चुनावी मुकाबले से अपनी सत्ता की बिसात बिछाना चाहती थी, लेकिन दिल्ली वालों की नजर में दोनों के बीच कोई मुकाबला ही नहीं था। मतदाताओं ने आप को 70 में 67 सीटें जिताकर अभूतपूर्व बहुमत दे दिया। भाजपा मात्र तीन सीटों पर सिमट गयी तो कांग्रेस का खाता तक नहीं खुला। किरण बेदी के प्रयोग से चुनावी हार से भी बड़ा नुकसान यह हुआ कि भाजपा के अपने नेता उपेक्षा से हताश हो गये और पार्टी के परंपरागत मिडल क्लास वोट बैंक में भी सेंध लग गयी। उसके बाद भी केंद्र में सत्तारूढ़ होने के नाते देश की राजधानी दिल्ली में खुद को अपने पैरों पर खड़ा कर पाना भाजपा के लिए ज्यादा मुश्किल नहीं होना चाहिए था, पर प्रभावी स्थानीय नेतृत्व की कसौटी पर वह लगातार नाकाम रही। अन्ना आंदोलन से बनी छवि का लाभ उठाने के लिए अराजनीतिक किरण बेदी पर 2015 में दांव लगाया तो 2020 के विधानसभा चुनाव के लिए पार्टी की कमान कभी अमर सिंह के सानिध्य में समाजवादी पार्टी से राजनीति शुरू करने वाले भोजपुरी कलाकार मनोज तिवारी को सौंप दी।

शायद भाजपा को लगा कि जिस पूर्वांचली वोट बैंक की बदौलत तीन बार शीला दीक्षित कांग्रेस सरकार बना गयीं और फिर केजरीवाल दो बार मुख्यमंत्री बन गये, वह मनोज तिवारी की लोकप्रियता से खिंचा उसके पाले में चला आयेगा, पर निराशा ही हाथ लगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के जबर्दस्त चुनाव प्रचार के बावजूद भाजपा आठ सीटों से आगे नहीं बढ़ पायी। बेशक कांग्रेस लगातार दूसरी बार खाता खोलने में भी नाकाम रही। उसके बाद भी भाजपा जरूरी सबक सीख कर प्रभावी स्थानीय नेतृत्व उभारने में सफल नजर नहीं आती। पूर्व सांसद प्रवेश वर्मा जनाधार वाले नेता माने जा सकते हैं, लेकिन उनकी पहचान पूर्व मुख्यमंत्री साहिब सिंह वर्मा सरीखे सज्जन राजनेता का बेटा होने के बावजूद 'भड़काऊ' बयानबाजी तक सिमट गयी है। डॉ हर्षवर्धन और विजय गोयल हाशिये पर भेज दिये गये हैं। आठ महीने पहले हुए लोकसभा चुनाव में सात में से छह सांसदों के टिकट काटने से भी यही संकेत गया कि वे दिल्ली में भाजपा की नेतृत्व-रणनीति की कसौटी पर खरा नहीं उतरे। प्रभावी स्थानीय नेतृत्व का अभाव भी एक बड़ा कारण है कि लोकसभा में एकतरफा समर्थन करने वाले दिल्लीवासी विधानसभा चुनाव में भाजपा को पूरी तरह नकारते रहे हैं।

अभी तक तो संदेश तो यही है कि राष्ट्रीय राजनीति में भाजपा के मुकाबले आप कहीं नहीं ठहरती तो दिल्ली की राजनीति में केजरीवाल के सामने भाजपा का कोई नेता नहीं टिकता। दिल्ली के विधानसभा चुनाव में भाजपा का इरादा किसी को मुख्यमंत्री का चेहरा बनाने का तो नहीं है, लेकिन प्रवेश वर्मा को नयी दिल्ली विधानसभा सीट से आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल के विरुद्ध उम्मीदवार बनाये जाने से लगता है कि उन्हें राज्य की राजनीति में लाया जा रहा है। देहात के नेता को पूर्ण शहरी क्षेत्र से चुनाव लड़ाने के पीछे की रणनीति तो भाजपा ही बेहतर समझती होगी, लेकिन देहात की कुछ सीटों पर उसे फायदा मिल सकता है। उसी की काट के रूप में केजरीवाल ने जाट आरक्षण का दांव चला है। यह देखना दिलचस्प होगा कि ऐन चुनाव के वक्त ये दांवपेच मतदाता का मन कितना बदल पाने में कामयाब होंगे। जाहिर है, बड़ा सवाल भाजपा के दिल्ली की सत्ता से वनवास की समाप्ति का है।

**दिवस विशेष**
डॉ. रमेश ठाकुर



# स्टार्टअप्स ने आत्मनिर्भर मिशन को लगाए पंख

राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस सालाना 16 जनवरी को मनाया जाता है जिसकी शुरुआत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा सन् 2022 में की गई थी। प्रधानमंत्री की ये सबसे विज़नरी योजनाओं में एक है जिसकी मौजूदा वक्त में चारों ओर धूम है। स्टार्टअप योजना ने असंख्य लोगों के लिए न सिर्फ रोजगार के विभिन्न अवसर मुहैया करवाए, बल्कि आत्मनिर्भरता के क्षेत्र में भारतीयों में ललक भी पैदा की। 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' के मनाने का मकसद समूचे देश में स्टार्टअप के प्रति प्रचलन को बढ़ाना और विभिन्न क्षेत्रों के कारोबारियों के योगदान को जन-जन तक पहुंचाना होता है। निश्चित रूप से स्टार्टअप योजना से देश की आबादी आत्मनिर्भर हो रही है। बीते तीन वर्ष के आंकड़े बताते हैं कि योजना किस हद तक सफलता के कदम चूम रही है। योजना के तहत लोग बैंकों से कम ब्याज पर लोन लेकर अपना व्यवसाय शुरू करने लगे हैं। गौरतलब है कि योजना का श्रीगणेश करते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्टार्टअप इकाइयों को नए भारत का 'आधार-स्तंभ' यूं ही नहीं कहा था। उन्हें पता था कि स्टार्टअप छोटे बिजनेस का वह प्रारूप है जो धीरे-धीरे आत्मनिर्भर भारत की रीढ़ बनेगा। कमोबेश, वैसा होता दिखने भी लगा है। भारत की 142 करोड़ आबादी में अभी तक 13 करोड़ लोग बीते 3 वर्षों में स्टार्टअप की विभिन्न इकाइयों से जुड़ चुके हैं।

योजना युवक-युवतियों को नित नई दिशा दिखाने और भारतीय कारोबारियों की उपलब्धियों को बढ़ावा देने में लगी है। जो लोग कभी नौकरी मांगते थे, वो अब दूसरों को नौकरियां देने लगे हैं। सरकारी आंकड़ों पर गौर करें, तो रोजगार के क्षेत्र में स्टार्टअप ने असीम संभावनाओं के द्वार खोले हैं। हालांकि, भारत में स्टार्टअप का स्वर्णिम युग अभी आना बाकी है। पर, जिस हिसाब से शुरुआत इस योजना की हुई है उससे प्रतीत होता है कि आने वाले दिनों में बिजनेस का आधार स्तंभ साबित होगा स्टार्टअप। 'राष्ट्रीय स्टार्टअप दिवस' के इस खास दिन के जरिए युवाओं के मन में स्टार्टअप की ललक को पैदा करना और मेक-इन-इंडिया जैसी जरूरी योजनाओं के प्रति जागरुकता के अलावा भारतीय अर्थव्यवस्था को और पंख लगाना भी केंद्र सरकार का मुख्य मकसद है। स्टार्टअप के सकारात्मक नतीजे पूरे भारत में देखने को मिल रहे हैं। शुरुआत में जिन लोगों ने कुछ लाख रूपयों से शुरू किया स्टार्टअप, अब करोड़ों टर्नओवर में पहुंच गया है। लोगों का अगरबत्ती, ई-साइकिल, आचार, सिलाई, जरी, कपड़े आदि का बिजनेस छोटे स्तर से शुरू हुआ, जो आज बड़े कारोबार में तब्दील हो चुका है। आज 'स्टार्टअप दिवस' के मौके पर केंद्र सरकार की ओर से कई और भी लाभकारी सहूलितों की घोषणाएं की जाएंगी, जो प्रत्येक वर्ष की जाती हैं। क्योंकि स्टार्टअप आधुनिक भारत की एक ऐसी इकाई है जो प्रौद्योगिकी विकास, बौद्धिक संपदा से प्रेरित नए उत्पादकों, रोजगार के अवसरों, व्यवसायिक नवाचारों, उन्नती, प्रविस्तारण और व्यवसायीकरण की दिशा में पंख लगा रही है। दरअसल, स्टार्टअप इंडिया के साथ पंजीकरण करने से कई लाभ मिलते हैं, जिनमें लगातार तीन वित्तीय वर्षों के लिए टैक्स में छूट, उच्च गुणवत्ता वाली बौद्धिक संपदा सेवाओं और सुविधा प्रदाताओं में वित्तीय लाभ सरकार से लोग प्राप्त करते हैं। स्टार्टअप योजना प्रधानमंत्री की आत्मनिर्भर भारत बनाने की मुख्य योजनाओं में गिनी जाती है। इसके जरिए वह सभी को रोजगार के धंधों से जोड़ना चाहते हैं। योजना को लेकर उनका एक विजन है जिसका उन्होंने 2030 तक टारगेट तय किया हुआ है। भारत के भविष्य को लेकर प्रधानमंत्री की मज़बूत दृष्टि है। भविष्य में होने वाले बदलावों और विकासों को वह अच्छे से समझते हैं। स्टार्टअप उनकी दूरदर्शी और दिव्यदर्शी योजना है जिसके जरिए वह भारत को आत्मनिर्भर बनाना चाहते हैं। स्टार्टअप इंडिया भारत सरकार की एक प्रमुख पहल है जिसका उद्देश्य देश में स्टार्टअप्स और नये विचारों के लिए एक मजबूत पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करना है जिससे देश का आर्थिक विकास हो एवं बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर उत्पन्न हों।

## किसी एक काम को ही बेहतर करें




संकलित

**दर्शन**

पुराने समय में भारद्वाज मुनि थे। वे देवगुरु बृहस्पति के पुत्र थे। भारद्वाज बहुत सारा ज्ञान हासिल करना चाहते थे। उनकी सोच ये थी कि उन्हें संसार की सारी बातों का ज्ञान हो जाए। इसके लिए वे लगातार अध्ययन करते रहते थे। एक दिन बृहस्पति ने अपने पुत्र भारद्वाज से कहा कि पूरे संसार का ज्ञान वेदों में है। अगर तुम वेद पढ़ लोगे तो समझ लो कि तुमने पूरा ज्ञान हासिल कर लिया है। पिता की बात मानकर भारद्वाज वेद पढ़ने लगे। भारद्वाज मुनि की संकल्प शक्ति और पढ़ाई की एकाग्रता देखकर देवराज इंद्र प्रसन्न हो गए और वे भारद्वाज के सामने प्रकट हुए। इंद्र ने कहा कि मैं तुम्हारी लगन देखकर बहुत प्रसन्न हूं। तुम मुझसे कोई भी वर मांग सकते हो। भारद्वाज ने इंद्र से कहा कि संसार में ज्ञान बहुत सारा है, लेकिन मेरी उम्र बहुत कम है। कृपया करके मेरी उम्र सौ साल बढ़ा दीजिए। इंद्र ने भारद्वाज की उम्र सौ वर्ष और बढ़ा दी। भारद्वाज मुनि को ज्ञान हासिल करते-करते सौ वर्ष भी बीत गए। इसके बाद देवराज इंद्र ने उनकी उम्र सौ साल और बढ़ा दी। अगले सौ साल और बीत गए, लेकिन भारद्वाज को पूरा ज्ञान नहीं मिल सका। जब अगले 100 भी बीत गए गए, तब इंद्र भारद्वाज के सामने प्रकट हुए और बोले कि भारद्वाज सामने तीन पहाड़ हैं। क्या हम इन पहाड़ों से एक मुट्ठी मिट्टी लेकर इन पहाड़ों की व्याख्या कर सकते हैं? ये संभव नहीं है। ठीक इसी तरह संसार का ज्ञान है। संसार का ज्ञान अथाह है। किसी एक व्यक्ति के लिए पूरा ज्ञान हासिल करना संभव नहीं है।

## कपड़े की उपयोगिता दिखावे के लिए नहीं



संकलित

**प्रेरणा**

संत कबीर रोज अपने शिष्यों को और अन्य लोगों को उपदेश दिया करते थे। कबीर जी के उपदेश सुनने एक धनी व्यक्ति भी आता था। धनी व्यक्ति कबीर दास जी से बहुत प्रभावित था। एक दिन उस धनी व्यक्ति ने देखा कि कबीर दास जी जो कुर्ता पहनते हैं, वह बहुत पुराना हो गया और कुर्ता बहुत ही सामान्य कपड़े से बना था। अगले दिन धनी व्यक्ति एक मूल्यवान कुर्ता लेकर पहुंचा और कबीर दास को उपहार में दे दिया। कुर्ता मखमल से बना था। बाहर की ओर से कुर्ता मखमली था और अंदर की ओर उसमें सामान्य कपड़ा लगा था। धनी व्यक्ति ने सोचा था कि अब कबीर दास जी उसका दिया हुआ कुर्ता पहनेंगे। अगले दिन जब वह व्यक्ति फिर से कबीर दास जी के पास पहुंचा तो उसने देखा कि कबीर जी ने उल्टा कुर्ता पहना है। दरअसल, कबीर दास जी के कुर्ते का मलमल वाला हिस्सा अंदर की ओर था और बाहर सामान्य कपड़ा दिख रहा था। उस धनी व्यक्ति ने कबीर जी से पूछा कि ये आपने क्या किया? आपने तो कुर्ता उल्टा पहना है? सभी लोगों ने भी कबीर दास जी से पूछा कि कुर्ता मूल्यवान है तो आपने इसे उल्टा क्यों पहना है? कबीर जी ने कहा कि ये कुर्ता देखकर मैंने सोचा कि मखमल शरीर को स्पर्श होगा तो शरीर को ज्यादा बेहतर लगेगा, क्योंकि ये कपड़ा तो शरीर के लिए ही हैं। दिखाने के लिए तो साधारण हिस्सा ही काफी है। दूसरों को हमारे कपड़ों से क्या लेना-देना?

## अंतर्मन





### आज की पाती

**अनिद्रा की बीमारी महामारी का रूप धारण कर लेगी**

भारत सारी दुनिया में विश्व गुरु बनने की राह पर प्रगतिशील है, मगर विकास यात्रा के नाम पर विदेशों का कचरा भी भरा जा रहा है। इस बदलते हुए वातावरण में आदमी का जीवन स्तर पहले से ज्यादा बेहतर हुआ, मगर हम असली-नकली का अंतर करने में फेल हो रहे हैं। हर माल का डुप्लीकेट पहुंच गया है। आज के दौर में हर इनसान का आहार तक नकली हो गया है, फिर धर्म की रक्षा कौन करेगा? नई-नई बीमारियां फैल रही हैं, कोरोना के बाद अब आशंका है कि अनिद्रा की बीमारी वैश्विक महामारी का रूप धारण कर लेगी। वर्ष 2037 तक भारत भी इससे प्रभावित होगा, अतः इसकी रोकथाम के लिए अभी से कारगर योजना का निर्माण शुरू हो जाना चाहिए। – *संकेत गुप्ता, रायगढ़*

## करंट अफेयर

### बाइडन ने दो नए राष्ट्रीय स्मारकों की घोषणा की



अमेरिका के राष्ट्रपति जो बाइडन ने मंगलवार को कैलिफोर्निया में दो स्थलों को राष्ट्रीय स्मारक के रूप में नामित किया। लॉस एंजिलिस के जंगल में लगी आग के कारण ये घोषणा स्थगित कर दी गई थी। ये राष्ट्रीय स्मारक मूल अमेरिकी जनजातियों के सम्मान में बनाए जाएंगे तथा मनोरम दृश्यों वाले पर्वतीय क्षेत्रों और रेगिस्तानों को खनन एवं ऊर्जा विकास के कार्यों से बचाएंगे। बाइडन ने व्हाइट हाउस (अमेरिकी राष्ट्रपति का आधिकारिक आवास एवं कार्यालय) में एक कार्यक्रम में यह घोषणा की।

## ऑफ बीट

### बीएमआई नहीं बता सकता कि हम स्वस्थ हैं या नहीं




हम जानते हैं कि 'बॉडी मास इंडेक्स' (बीएमआई) किसी के वजन और उससे जुड़े स्वास्थ्य के आकलन के लिए उपयुक्त प्रक्रिया नहीं है, लेकिन यह चिकित्सकों, जनसंख्या शोधकर्ताओं और निजी प्रशिक्षकों के लिए यह उपयोगी उपकरण बना हुआ है। बीएमआई लोगों को चार वजन श्रेणियों में वर्गीकृत करने की एक अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मान्यता प्राप्त जांच विधि है : कम वजन (बीएमआई 18.5 से कम), सामान्य वजन (18.5 से 24.9), अधिक वजन (25.0 से 29.9) या मोटापा (30 या अधिक)। किसी के वजन को उसकी लंबाई के वर्ग से विभाजित करके इसका पता लगाया जाता है।

## ट्रेंड

### कांग्रेस को खारिज करेंगे लोग



कांग्रेस का इतिहास उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। सत्ता के लिए उनके लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के विश्वास को धोखा देना था। लेकिन, अब जनता ने तय कर लिया है कि वे राहुल गांधी और उनकी सड़ी-गली विचारधारा को खारिज करेंगे।

-जेपी नड्डा, भाजपा अध्यक्ष

### संविधान पर हमला



मोहन भागवत की यह दुस्साहसिक टिप्पणी कि भारत को 1947 में सच्ची आजादी नहीं मिली, हमारे स्वतंत्रता सेनानियों, प्रत्येक भारतीय नागरिक का अपमान और हमारे संविधान पर हमला है।

-राहुल गांधी, कांग्रेस सांसद

### गैर-जिम्मेदार स्टार्टअप



यह दु:खद है कि एक गैर-जिम्मेदार स्टार्टअप के कारण वर्षों के अत्याधुनिक प्रयास जलकर राख हो गए। आग एक प्रमुख जोखिम कारक है जिससे गंभीर तैयारियों के साथ निपटा जाना चाहिए।

-किरण मजूमदार-शॉ, उद्यमी

### 'रूद्राष्टकम' का श्रवण



संतों, सिद्धों, गुरुजनों का कहना है कि 'रूद्राष्टकम' का पठन या श्रवण अशांत चित्त को शांति प्रदान करता है, हमें अवसाद से आनंद की ओर ले जाता है, हृदय में व्याप्त शंकाओं को समाप्त कर हमें नि:शंक कर देता है। -आशुतोष राणा, अभिनेता

संक्षेप

## वन अग्नि से बचाव हेतु वन कर्मियों का मॉकड्रिल कर किया गया प्रशिक्षित

अमन लेखनी समाचार

बहराइच। वन क्षेत्र अब्दुल्लागंज रेंज अंतर्गत जंगलों में फैलने वाली आग से बचाव हेतु वन कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। वन क्षेत्राधिकारी अब्दुल्लागंज पंकज साहू ने बताया कि सभी स्टाफ, दैनिक श्रमिकों, ग्रामीणों को वन अग्नि की रोकथाम तथा उसको फैलने से रोकने के संबंध मे मॉक ड्रिल कर प्रशिक्षित किया गया। जिसमें पुआल की मदद से कंट्रोल बर्निंग कर, फायर लाइन काउंटर फायर आदि माध्यम से वन अग्नि को बढ़ने से रोकने तथा बुझाने के तरीके बताए गए। प्रशिक्षण के इस मौके पर पंकज साहू क्षेत्रीय वन अधिकारी, शंभूनाथ यादव उप क्षेत्रीय वनाधिकारी, सुरेश पासवान वन दरोगा, मनोज तिवारी वन रक्षक, सुरेश वर्मा वनरक्षक, राजेश डाकिया और वन श्रमिक आदि उपस्थित रहे।

## आरटीई के तहत 412 बच्चों के फॉर्म रद्द

सुलतानपुर, शिक्षा का अधिकार अधिनियम (आरटीई) 2009 के तहत गरीब और कमजोर वर्ग के बच्चों के साथ अन्याय की बात सामने आई। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी ने शासनादेश की गलत व्याख्या करते हुए 730 आवेदनों में से 412 बच्चों के फॉर्म निरस्त कर दिए। इस मामले में कांग्रेस के पूर्व प्रदेश सचिव रणजीत सिंह सलूजा के नेतृत्व में तिकोनिया पार्क में एक दिवसीय धरना प्रदर्शन किया गया। विवाद का मुख्य कारण 'आसपास' शब्द की व्याख्या है। शासनादेश के अनुसार कमजोर वर्ग के बच्चों को आसपास के विद्यालयों में प्रवेश की पात्रता है। लेकिन शिक्षा अधिकारी इसे केवल बच्चों के वार्ड और ग्राम सभा तक ही सीमित कर रहे हैं। समस्या यह है कि कई वार्ड और ग्राम सभाओं में कोई विद्यालय नहीं है। जिससे वहां के बच्चे योजना का लाभ नहीं ले पा रहे हैं। सलूजा ने 9 जनवरी 2025 को मुख्य विकास अधिकारी को इस मुद्दे से अवगत करा दिया है। कांग्रेस ने चेतावनी दी है कि अगर जल्द ही इस मामले में कार्रवाई नहीं की गई, तो वे सड़कों पर उतरने को मजबूर होंगे। उनका कहना है कि सरकार की योजना का मूल उद्देश्य गरीब बच्चों को शिक्षा का अधिकार दिलाना था, लेकिन गलत व्याख्या के कारण वही वंचित हो रहे हैं।

## फेयरवेल पार्टी में मारपीट

### होटल में युवक को तीन लोगों ने लाठी-डंडों से पीटा, दो गिरफ्तार, तीसरे की तलाश

अमरोहा, नगर कोतवाली क्षेत्र में स्थित होटल रीगल 77 में एक फेयरवेल पार्टी दौरान हुई मारपीट का मामला सामने आया है। फ्रेंड्स कालोनी निवासी वीरभान 11 जनवरी की शाम को अपने एक दोस्त के साथ होटल में आयोजित फेयरवेल पार्टी में गया था।

वहां मौजूद तीन युवकों ने मामूली विवाद के बाद वीरभान पर लाठी-डंडों से हमला कर दिया और बेरहमी से पिटाई की।

# नवनिर्वाचित अध्यक्ष व जिला प्रतिनिधि का हुआ सम्मान

## संविधान गौरव पखवाडे के तहत सेक्टर गिरदा मे संपन्न हुआ

अमन लेखनी समाचार



शिवपुर, बहराइच। जनपद के बीजेपी मंडल इकाई रामपुर धोविया के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों के सम्मान हेतु सम्मान समारोह का आयोजन आज शनिवार को ग्राम पचांयत डल्लापुरवा के तेलियनपुरवा मे किया गया। समारोह भाजपा के कर्मठ कार्यकर्त्ता शारदा प्रसाद शुक्ला के घर आयोजित हुई जिसके मुख्य अतिथि घनश्याम सिंह चौहान अध्यक्ष जिला क्वापरेटिव बैंक बहराइच रहे। भारत सरकार द्वारा भारत की अखंडता व विश्वगुरु बनाने की मुहिम मे चलाये जा रहे विभिन्न अभियानों के तहत अब संविधान गौरव पखवाड़े के अंतर्गत आज भाजपा मंडल इकाई रामपुर धोबिया के सभी वरिष्ठ कनिष्ठ सदस्यों ने प्रधानमंत्री का लाइव प्रसारण देखा एवं बाबा बीआर अम्बेडकर, पं0 डीडी उपाध्याय व डॉ श्यामाप्रसाद मुखर्जी के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि समर्पित किया और देश की अखंडता हेतु उनके त्याग को याद करते हुए उनके आदर्शों पर चलते हुए देशवासियों की सेवा का संकल्प लिया।तत्पश्चात मंडल इंकाई से नवनिर्वाचित पदाधिकारी मंडल अध्यक्ष पद पर सालिकराम लोधी व जिला प्रतिनिधि पद पर वीरेंद्र कुमार सिंह (पूर्व मंडल अध्यक्ष) आदि का मल्यार्पण कर स्वागत किया गया। इसके उपरांत पूर्व मंडल अध्यक्ष श्रवण कुमार बाजपेई, सेक्टर संयोजक शारदा प्रसाद शुक्ला सहित सभी कार्यकत्ताओं का स्वागत संपन्न हुआ। सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि व वरिष्ठ पदाधिकारी घनश्याम सिंह ने डबल इंजन सरकार की महत्वाकांक्षी योजनाओं को गिनाया और एकजुट होकर पार्टी को नई ऊर्जा से नई दिशा व नया आयाम देकर ऊपर उठाने की नसीहत दिया।

जिसका सभी ने सम्मान किया। वहीं पार्टी दायित्वों सम्बंधित विभिन्न बिन्दुओ पर चचाएं की गई। तत्पश्चात जिला प्रतिनिधि ने सभा का समापन किया। कार्यक्रम मे रामलखन गुप्ता, भाजपा मंडल सोशल मिडिया धर्मराज केवट, कनौजीलाल मिश्रा, कन्हैयालाल सहित सभी कार्यकर्त्तागण व काफी ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

## सरस्वती शिशु मंदिर में मकर संक्रांति पर भव्य आचार्य सम्मान एवं खिचड़ी भोज का आयोजन

अमन लेखनी समाचार




रुपईडीहा, बहराइच। बीते शनिवार को सरस्वती शिशु मंदिर, रुपईडीहा में एकल अभियान अंचल-बहराइच, संच-रुपईडीहा एवं जगन्नाथपुर द्वारा मकर संक्रांति के उपलक्ष्य में भव्य आचार्य सम्मान एवं खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में स्थानीय समाजसेवियों, समिति के सदस्यों और क्षेत्रीय नागरिकों ने बड़ी संख्या में भाग लिया।कार्यक्रम की शुरूआत खिचड़ी भोज से हुई, जिसमें सैकड़ों लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इसके बाद आचार्य सम्मान समारोह आयोजित किया गया, जिसमें आचार्यों को सम्मानित करते हुए वस्त्र वितरण किया गया। इस अवसर पर सम्मान सामग्री संतोष अग्रवाल ने प्रदान की, जिनका समाज के प्रति योगदान सराहनीय है। इस कार्यक्रम में सृष्ट्रीय स्वयं संघ के संरक्षक चेयरमैन डॉ उमाशंकर वैश्य, अंचल समिति अध्यक्ष कुंजविहारी मिश्रा और अन्य वरिष्ठजनों ने अपने विचार रखे। वक्ताओं ने मकर संक्रांति के महत्व, भारतीय संस्कृति में गुरु का स्थान और एकल अभियान की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में संभाग प्रशिक्षण प्रमुख विजय कुमार साहू, अंचल अभियान प्रमुख राधेश्याम, अंचल शारीरिक प्रमुख कपिल देव सहित अन्य प्रमुख सदस्य उपस्थित रहे। समिति के सम्मानित सदस्य राम रतन,अर्जुन प्रसाद, रामभाई, धूल कुमार, शिवराज और बहनों ने भी कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।आयोजन का उद्देश्य समाज में गुरु-शिष्य परंपरा को प्रोत्साहित करना और मकर संक्रांति के त्योहार को उत्साहपूर्वक मनाना था। यह कार्यक्रम सभी उपस्थित लोगों के लिए प्रेरणादायक और उत्साहवर्धक साबित हुआ।

## तहसील कैसरगंज में स्वामित्व योजना के तहत घरौनी वितरण कार्यक्रम आयोजित

### सरकारी योजनाएं जन-जन तक पहुंचाना सरकार का लक्ष्य: गौरव वर्मा



अमन लेखनी समाचार

कैसरगंज, बहराइच। तहसील कैसरगंज में स्वामित्व योजना के अंतर्गत 300 ग्रामवासियों को प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) वितरित किए गए। कार्यक्रम का शुभारंभ देशभक्ति गीत ₹शत शत नमन भारत भूमि को, अभिनंदन भारत माँ कोर₹ के साथ हुआ। नायब तहसीलदार पी. पी. गिरी ने कार्यक्रम का संचालन किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि गौरव वर्मा भाजपा विधानसभा संयोजक विशिष्ट अतिथि संदीप सिंह (ब्लॉक प्रमुख), एसडीएम व ज्वाइंट मजिस्ट्रेट आलोक प्रसाद और नायब तहसीलदार ब्रह्मदीन यादव बीडीओ व राजस्व कर्मी सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। शिव सहाय सिंह (भाजपा पूर्व मंडल अध्यक्ष), शिवानंद सिंह (मंडल अध्यक्ष), हीरा लाल मौर्य (सभासद), बृजेश सिंह, अनिल वर्मा और वेद सिंह (प्रधान) ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई। तहसील सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रामीणों को भूमि अधिकार प्रदान कर सशक्त बनाना था। अधिकारियों ने योजना की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए ग्रामीणों से योजना का लाभ उठाने की अपील की।

## नोडल शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण सम्पन्न

### आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने की कवायद शुरू

अमन लेखनी समाचार



बाबागंज, बहराइच। आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने के लिए परिषदीय विद्यालयों में कार्यरत शिक्षकों का तीन दिवसीय प्रशिक्षण ब्लॉक संसाधन केंद्र नवाबगंज (बाबागंज) में आयोजित किया गया। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा के निर्देशन में आयोजित इस प्रशिक्षण कार्यक्रम में संदर्भदाता सुनील कुमार, राकेश मौर्या, निर्मल शुक्ला, विपिन प्रताप वर्मा व रामकुबेर ने प्रतिभागियों को आउट ऑफ स्कूल बच्चों के चिन्हांकन तथा उनके शिक्षण की रणनीतियों की जानकारी दी। प्रशिक्षण के प्रथम दिवस संदर्भदाता सुनील कुमार ने तीन दिवसीय प्रशिक्षण कार्यक्रम की रूपरेखा तथा निशुल्क एवं अनिवार्य बाल शिक्षा अधिकार अधिनियम 2009 के मुख्य प्राविधानों की जानकारी दी। प्रशिक्षक राकेश कुमार मौर्या ने आउट ऑफ स्कूल बच्चों के लिए भाषा, गणित, अंग्रेजी तथा पर्यावरणीय अध्ययन के पाठ्यक्रम तथा शिक्षण विधाओं की जानकारी दी। संदर्भदाता विपिन प्रताप वर्मा ने बताया कि आउट ऑफ स्कूल बच्चों के शिक्षण में बच्चों को स्वाध्याय, स्वयं करके सीखने, बोलने, कल्पना करने तथा कक्षा में सीखने-सिखाने की अवधि में अंतःक्रिया के समान अवसर दिए जाने की व्यवस्था की गई है।प्रशिक्षण सत्र को संबोधित करते हुए खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने कहा कि मुझे आशा ही नहीं बल्कि पूर्ण विश्वास है कि सभी प्रतिभागीगण प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारियों का सम्यक प्रयोग करते हुए आउट ऑफ स्कूल बच्चों को शिक्षा की मुख्य धारा से जोड़ने में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। प्रशिक्षण में कैलाश नाथ वर्मा, शक्तिधर पाठक, तीरथराम,सोहराब खां, त्रिलोकीनाथ वर्मा, प्रदीप त्रिपाठी, शमीम अहमद, रवीन्द्र यादव, अरविंद सिंह, कौशल किशोर, विनय सिंह, नवी अहमद, अजय कुमार, सहित भारी संख्या में शिक्षक उपस्थित रहे।

## स्टार मार्बल एंड हार्डवेयर स्टोर का हुआ उद्घाटन



अमन लेखनी समाचार

रुपईडीहा, बहराइच। स्टार मार्बल एंड हार्डवेयर स्टोर का उद्घाटन शनिवार को रुपईडीहा पत्रकार संघ के संरक्षक शेर सिंह कसौधन ने फीता काटकर किया। इस अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में स्थानीय व्यापारियों, गणमान्य नागरिकों और क्षेत्रवासियों की उपस्थिति ने समारोह को खास बना दिया। उद्घाटन के दौरान स्टार मार्बल एंड हार्डवेयर स्टोर के संचालक जावेद अहमद ने कहा कि इस स्टोर के खुलने से न सिर्फ क्षेत्र की व्यावसायिक गतिविधियों में वृद्धि होगी, बल्कि स्थानीय निवासियों को बेहतर गुणवत्ता के मार्बल और हार्डवेयर सामग्री का सुलभ तरीके से प्राप्त होना भी संभव होगा। नये स्टोर में उन्नत उत्पादों का संग्रह और ग्राहक सेवा की उच्च गुणवत्ता का वादा किया गया है। स्टोर के संचालक ने बताया कि ग्राहक संतुष्टि उनकी प्राथमिकता है और वे जल्द ही विभिन्न प्रकार के ऑफर्स और डिस्काउंट्स भी पेश करेंगे। उद्घाटन समारोह के दौरान उपस्थित सभी मेहमानों ने नए व्यवसाय की सफलता की कामना की।

## सपा के पूर्व विधायक समेत 10 की गिरफ्तारी का आदेश

### कोर्ट में नहीं हो रहे पेश, आचार संहिता उल्लंघन मामले में कार्रवाई

अमन लेखनी समाचार



सुलतानपुर, एमपी /एमएलए कोर्ट ने गुरुवार को कार्रवाई करते हुए सपा के पूर्व विधायक संतोष पांडे समेत 10 लोगों के खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी किया है। विशेष मजिस्ट्रेट शुभम वर्मा ने यह आदेश आरोपियों द्वारा लगातार दो पेशियों में अपना बयान दर्ज कराने नहीं आने के कारण दिया। विशेष लोक अभियोजक वैभव पांडे के अनुसार, मामला 4 फरवरी 2022 के विधानसभा चुनाव से जुड़ा है। कोतवाली देहात थाने में दर्ज दो एफआईआर के मुताबिक, लंभुआ के तत्कालीन विधायक संतोष पांडेय और उनके 12 समर्थकों ने चुनाव के दौरान बिना प्रशासनिक अनुमति के कई स्थानों पर जनसभाएं आयोजित की। उड़न दस्ता प्रभारी और बीडीओ संदीप सिंह की शिकायत पर यह मामला दर्ज किया गया था। आरोपियों पर आदर्श चुनाव आचार संहिता के साथ-साथ कोविड-19 महामारी के नियमों का उल्लंघन करने का आरोप है। बचाव पक्ष के वकील का कहना है कि अभियोजन पक्ष के सभी गवाहों से जिरह पूरी हो चुकी है और अब केवल आरोपियों का बयान दर्ज किया जाना बाकी है। लेकिन आरोपियों की कोर्ट में लगातार अनुपस्थिति के कारण यह प्रक्रिया बाधित हो रही है। पेशी पर दो आरोपी परमात्मा यादव व सत्यपाल सिंह उपस्थित थे. पूर्व विधायक संतोष पांडे, नईम, आलोक, रामानंद, तैय्यब, कयूम, इरफान, जाफर, रमेश व आलोक अनुपस्थित रहे तो उनके विरुद्ध एनबीडब्लू जारी कर 23 जनवरी की तिथि नियत की गई है।

## बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ अभियान का बड़ा कदम



152 छात्राओं को मिले ट्रैक सूट, शिक्षा को बढ़ावा

अमन लेखनी समाचार

हापुड़, धौलाना स्थित कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ अभियान के अंतर्गत एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय की 152 छात्राओं को ट्रैक सूट वितरित किए गए। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित विधायक धर्मेश तोमर ने समाज में बेटा-बेटी के भेदभाव को समाप्त करने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि बेटियों को समान शिक्षा और अवसर मिलने चाहिए, ताकि वे आत्मनिर्भर बनकर परिवार, समाज और देश का नाम रोशन कर सकें। जिला प्रोबेशन अधिकारी स्मिता सिंह ने छात्राओं को बेहतर शैक्षिक सुविधाएं प्रदान करने के विभाग के लक्ष्य को रेखांकित किया। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी रितु तोमर ने सरकार द्वारा संचालित विभिन्न छात्र कल्याण योजनाओं की जानकारी साझा की और इन योजनाओं का लाभ छात्राओं तक पहुंचाने की विभाग की प्रतिबद्धता दोहराई।

## नवाबगंज में तीन केंद्रों पर हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा




अमन लेखनी समाचार

बाबागंज, बहराइच। जवाहर नवोदय विद्यालय कीर्तनपुर में कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा ब्लॉक नवाबगंज में तीन केंद्रों पर शनिवार को सकुशल संपन्न हुई। शनिवार को आयोजित इस परीक्षा में सीमांत इंटर कालेज, श्री राम जानकी इंटर कालेज तथा रमेश चंद्र इंटर गर्ल्स इंटर कालेज में परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न हुई। खंड शिक्षा अधिकारी राधेश्याम वर्मा ने बताया कि सभी केंद्रों पर सीसीटीवी कैमरे की नजर में परीक्षा संपन्न हुई है। ब्लाक नवाबगंज के विभिन्न प्राथमिक परिषदीय तथा मान्यता प्राप्त स्कूल के बच्चे इस प्रवेश परीक्षा में शामिल हुए।

# बिजली विभाग की मनमानी पर किसान संगठन का विरोध

## चेकिंग के नाम पर शोषण और अवैध वसूली का आरोप

अमन लेखनी समाचार



हसनपुर, अमरोहा जनपद के हसनपुर में भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक में किसानों ने बिजली विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर आरोप लगाए। प्रदेश संगठन मंत्री सुनील कुमार ने कहा कि मुख्यमंत्री की घोषणाओं के बावजूद विद्युत विभाग चेकिंग और बिल के नाम पर उपभोक्ताओं का शोषण कर रहा है। चेतन चौहान मार्ग स्थित मंडी समिति प्रांगण में आयोजित बैठक में जिला मंत्री आलोक चौहान ने कई महत्वपूर्ण मुद्दे उठाए। उन्होंने बताया कि लेखपाल किसानों की जमीन का अंश बंटवारा गलत तरीके से कर रहे हैं और सुधार के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। साथ ही, चीनी मिल के चालू होने के चार महीने बाद भी सरकार द्वारा गन्ना मूल्य का निर्धारण नहीं किया गया है। किसान संगठन ने 450 रुपए प्रति कुंतल गन्ना मूल्य निर्धारित करने की मांग की है। बैठक में एक अन्य गंभीर मुद्दा राशन कार्ड से संबंधित उठाया गया। आपूर्ति विभाग द्वारा कई राशन कार्डों से यूनिट कम कर दिए जाने की शिकायत की गई। किसान नेताओं ने इस मामले की जांच कर सही यूनिट बहाल करने की मांग की। प्रदेश संगठन मंत्री सुनील कुमार की अध्यक्षता और जिला अध्यक्ष चंद्र प्रकाश शर्मा के संचालन में हुई इस बैठक में ओमवीर सिंह चौहान, कार्मेंद्र सिंह, धर्मपाल सिंह चौहान, यशवीर सिंह, जयप्रकाश शर्मा, सुखदेव शर्मा, कावेंद्र सिंह सहित बड़ी संख्या में किसान उपस्थित थे।

## हिस्ट्रीशीटर गैंग का लीडर राजेश अग्रहरि गिरफ्तार

### चोरी की तीन बाइक बरामद, साथी भी पकड़ा गया, कई मामलों में वांछित था

अमन लेखनी समाचार



अमेठी जिला, पुलिस ने अपराधियों के खिलाफ चलाए जा रहे धरपकड़ अभियान में बड़ी सफलता हासिल की है। गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र में सुबह की गई कार्रवाई में पुलिस ने हिस्ट्रीशीटर और पंजीकृत गैंग के सरगना राजेश अग्रहरी को उसके एक साथी के साथ गिरफ्तार किया है। राजेश अग्रहरी माधवपुर गौरीगंज का रहने वाला है और उसके साथ गिरफ्तार किया गया साथी मोहम्मद एजाज कटरा लालगंज का निवासी है। पुलिस ने गिरफ्तारी के दौरान अपराधियों से एक चोरी की मोटरसाइकिल बरामद की। इसके अलावा, उनकी निशानदेही पर अलग-अलग स्थानों से दो और चोरी की मोटरसाइकिलें भी बरामद की गईं। पुलिस के अनुसार, राजेश अग्रहरी जिले का कुख्यात हिस्ट्रीशीटर अपराधी है, जो एक आपराधिक गैंग का संचालन करता है। उस पर विभिन्न थानों में कई गंभीर आपराधिक मामले दर्ज हैं। पुलिस ने दोनों अपराधियों के खिलाफ धारा 317(2), 317(4), 318, 438, 336, 340(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी है।

## घर में घुसकर युवती से छेड़छाड़, आरोपी ने जबरन शादी का प्रपोजल दिया

### विरोध पर दी जान से मारने की धमकी

अमन लेखनी समाचार




अमरोहा, डिडौली थाना क्षेत्र के कस्बा जोया में एक चौंकाने वाली घटना सामने आई है। मोहल्ले का एक युवक नदीम पुत्र अब्दुल कय्यूम एक युवती के घर में घुसकर छेड़छाड़ करने का आरोपी है। आरोपी ने न केवल युवती से छेड़छाड़ की, बल्कि उसके सामने जबरन शादी का प्रस्ताव भी रख दिया। घटना के दौरान आरोपी ने अपनी आर्थिक स्थिति का रौब दिखाते हुए कहा कि वह पैसे वाला है और उसका कोई कुछ नहीं बिगाड़ सकता। युवती द्वारा विरोध करने पर उसने धमकी दी कि अगर इस घटना के बारे में किसी को बताया तो वह उसे और उसके परिवार को जान से मार देगा। डरी-सहमी युवती ने हिम्मत जुटाकर अपने परिजनों को पूरी घटना की जानकारी दी। परिवार के साथ वह तुरंत थाने पहुंची और शिकायत दर्ज कराई। डिडौली थाना प्रभारी हरीश वर्धन सिंह ने बताया कि आरोपी के खिलाफ संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है और मामले की जांच शुरू कर दी गई है।

## संक्षेप

### गाजियाबाद में किशोरी की मौत पर हिंदू संगठनों का विरोध

**हत्या और पॉक्सो एक्ट की धारा लगाने की मांग, पुलिस बोली– सड़क हादसे में हुई मौत**

गाजियाबाद, मोदीनगर में एक 17 वर्षीय किशोरी की संदिग्ध मौत के मामले में हिंदू संगठनों ने थाने पर जोरदार प्रदर्शन किया। यह मामला 15 दिसंबर का है, जब दिल्ली-मेरठ मार्ग स्थित रिलायंस पेट्रोल पंप के सामने किशोरी की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई थी। मृतका के परिजनों का आरोप है कि दूसरे समुदाय के दो युवकों ने उनकी बेटी का अपहरण कर हत्या कर दी। पुलिस ने तीन दिन पहले दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चालान किया था। इस कार्रवाई से नाराज बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं ने परिजनों के साथ मिलकर थाने पर प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों का कहना था कि पुलिस ने आरोपियों पर हल्की धाराएं लगाकर मामले को हल्का कर दिया है। उन्होंने मामले में हत्या और पॉक्सो एक्ट की धाराएं जोड़ने की मांग की। साथ ही पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता दिलाने की भी मांग उठाई। एसीपी मोदीनगर ज्ञानप्रकाश राय ने स्थिति स्पष्ट करते हुए कहा कि किशोरी की मौत सड़क दुर्घटना में हुई है और हत्या का कोई साक्ष्य नहीं मिला है। हालांकि उन्होंने मामले की पुनः जांच कराने का आश्वासन दिया है। प्रदर्शन में पंकज कंसल, शुभम शर्मा, विनीत कुमार, प्रतीक कुमार, रितिक और विक्रम सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।

### लेडी डॉक्टर के साथ लिव इन रिलेशनशिप में रहा

**ढाई साल तक किया यौन शोषण, अब शादी से किया इंकार; भावनपुर थाने में एफआईआर**

मेरठ, महिला डॉक्टर को शादी का झांसा देकर निजी अस्पताल का मैनेजर ढाई साल तक लिव इन रिलेशनशिप में रहा। यौन शोषण करता रहा। महिला के गर्भवती होने पर जबरन गर्भपात करा दिया। महिला से शादी करने से इनकार कर दिया। महिला डॉक्टर ने आरोपी और उसकी मां व भाभी के खिलाफ भावनपुर थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। पीड़िता के मुताबिक वर्ष 2022 में उसकी मुलाकात बुलंदशहर जिले के खानपुर गांव निवासी मनीष से एक शादी में हुई थी। मनीष उसे पसंद करने लगा और उसके माता-पिता से शादी का प्रस्ताव रखा। महिला चिकित्सक और उसके परिजनों ने यह प्रस्ताव स्वीकार कर लिया। मनीष ने बताया कि वह मेरठ के मैक्स हॉस्पिटल में मैनेजर के पद पर कार्यरत है। वह जल्द ही अपने माता-पिता से दोनों की शादी की बात कर लेगा। दोनों की फोन पर बातचीत शुरू हो गई। इसके बाद दोनों हापुड़ चुंगी के पास किराए के मकान में रहने लगे। आरोप है कि अगस्त 2022 में मनीष ने उसकी मर्जी के खिलाफ जबरन शारीरिक संबंध बनाए।

धमकी दी कि किसी को कुछ बताया तो शादी नहीं करूंगा। इसके बाद पीवीएस मॉल के पास किराए के मकान में लेकर रहने लगा। यहां भी कई बार शारीरिक संबंध बनाए। पीड़िता गर्भवती हुई तो आरोपी ने दवा खिलाकर गर्भपात करा दिया। विरोध करने पर मारपीट की। पीड़िता की हालत बिगड़ गई।

# बीआईटी के छात्रों को मिला प्रदेश में तीसरा स्थान



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। गीडा थाना क्षेत्र स्थित के बुद्धा इंस्टिट्यूट ऑफ टेक्नालॉजी के छात्रों विश्व स्तरीय इंजीनियरींग संस्था प्प्म की उ0प्र0 शाखा द्वारा ह्यह्यएक्टिविटी बेस्ट इंसेन्टिव अवार्डह्यह्य प्रदान किया गया, उ0प्र0 स्तरीय सेमीनार में बी0आई0टी0 को तीसरा स्थान प्राप्त हुआ। मुख्य अतिथि प्प्म उ0प्र0 के प्रमुख प्रो0 आशीष के0 सिंह व प्रो0 योगेश सिंह चैहान द्वारा भव्य समारोह में बी0आई0टी के निदेशक/काउन्सलर डा0 अरविंद कुमार पाण्डेय एवं छात्र प्रतिनिधि अमित सिंह को प्रदान किया गया। बी0आई0टी0 को यह पुरस्कार संस्थान में संचालित नवाचार, आधुनिक तकनीकी प्रणाली, शोध कार्य में उत्कृट योगदान हेतु प्राप्त हुआ। इस अवसर पर संस्था के चेयरमैन डा0 आर0ए0 अग्रवाल, सचिव डा0 रजत अग्रवाल ने कहा कि हमारी संस्था की यह प्राथमिकता है कि वह अपने छात्रों को नवीनतम तकनीकी व उन्नत प्रौद्योगिकी से परिचित कराने एवं आधुनिक युग के साथ कदम ताल कर सकने का गुण एवं शिक्षा प्रदान करें। अगर गुण एवं शिक्षा का अभाव रहेगा तो छात्र वैश्विक प्रतिस्पर्धा में पिछड़ जायेगा। इस अवसर पर निदेशक प्रशासन दीपक अग्रवाल, आशीष सिंह, अभिषेक त्रिपाठी, अभिनव त्रिपाठी, प्रो0 एच0एन0 सिंह, ई0 अंकुर कुमार, डा0 डी0के0 द्विवेदी, डा0 विनय श्रीवास्तव सहित बी0 आई0टी0 की अन्य संस्थानो के निदेशक, अधिष्ठाता, विभागाध्यक्ष, शिक्षक व छात्र/छात्राएं उपस्थित थे।


# बापू इंटर कॉलेज में नवोदय प्रवेश परीक्षा शातिपूर्ण ढंग से हुआ संपन्न



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। पीपीगंज बापू इंटर कॉलेज में आयोजित जवाहर नवोदय विद्यालय कक्षा 6 की प्रवेश परीक्षा शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। कुल 159 में से 129 छात्रों ने परीक्षा दी। 30 छात्र विभिन्न कारणों से अनुपस्थित रहे। विद्यालय के प्रधानाचार्य बी.के. यादव ने बताया कि परीक्षा के दौरान सभी आवश्यक व्यवस्थाएं की गई थीं। परीक्षा देकर निकले एन्जेल, सूर्य प्रकाश अग्रहरि आशा व अन्य छात्रों ने बताया कि प्रश्न पत्र ठीक था।

# चलती आटा चक्की के साफ्ट में फंसी महिला की साड़ी, हालत गंभीर



अमन लेखनी समाचार

गोरखपुर। सहजनवा थाना क्षेत्र के सजनापार निवासी मधु गुप्ता 38 वर्ष पत्नी पवन गुप्ता शनिवार की सुबह गेहूं पीस रही आटा चक्की की साफ्ट में साड़ी फंस जाने से गंभीर रूप से घायल हो गई। एंबुलेंस की मदद से उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ठरारपार में भर्ती कराया गया, जहां से डॉक्टरों ने जिला अस्पताल गोरखपुर रेफर कर दिया है। सजनापार व नगर पंचायत घघसरा परशुराम नगर के पनिका स्थित तिराहे पर उसकी खुद की आटा चक्की की दुकान है। जिस पर लोग गेहूं लेकर आते रहते हैं। शनिवार सुबह गेहूं पीसने का कार्य चल रहा था कि उसी दौरान वह किसी कार्य बस मशीन के समीप आई गयी और उसकी साड़ी मशीन के साफ्ट में फंस गयी। गनीमत यह रही कि मशीन को गति दे रहा पट्टा लोड पड़ते ही ट्रैक से उतर गया। इसके बावजूद भी उसे गंभीर चोट लग गई है।

# महिला ने पुलिस पर लगाया मारपीट करने का आरोप

**गर्भवती के पेट में मारी लात, महिलाओं ने एसएसपी से की शिकायत**

अमन लेखनी समाचार



बुलंदशहर, थाना अगौता क्षेत्र पुलिस की कथित दरिंदगी का मामला सामने आया है। महिला नेता नाजरीन ने एसएसपी को शिकायती पत्र सौंपकर थाना पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। नाजरीन ने बताया कि थाना प्रभारी सोमनाथ राय, हल्का इंचार्ज समेत 12-13 पुलिसकर्मी बिना किसी वजह के उनके घर में घुस आए। मकान के दरवाजे को लेकर हुए विवाद में पुलिसकर्मियों ने उनकी बेटी और गर्भवती पुत्र वधू के साथ अभद्रता की। आरोप है कि पुलिसकर्मियों ने गर्भवती पुत्र वधू नगमा के पेट में लात मारी। जिससे उसकी हालत बिगड़ गई। पीड़िता ने बताया कि जब उन्होंने नगमा को अस्पताल ले जाने की कोशिश की, तो पुलिस ने अनुमति नहीं दी। इससे न तो उनका इलाज हो सका और न ही मेडिकल जांच। इतना ही नहीं, जब उनकी भतीजी रशीदा ने घटना का वीडियो बनाने का प्रयास किया तो पुलिस ने उसका मोबाइल छीन कर उसके साथ भी मारपीट की। आरोप यह है कि नाजरीन को थाने ले जाकर उनके साथ अश्लील हरकतें की गईं। साथ ही शारीरिक उत्पीड़न किया गया। पीड़िता ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से आरोपी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की मांग की है।

# मेरठ में किसान की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला


- भाकियू चढ़ूनी के सैकड़ों किसान कलेक्ट्रेट पर धरने में शामिल, प्रशासन से कार्रवाई की मांग

अमन लेखनी समाचार




खुर्जा, मेरठ में एक गरीब किसान की जमीन पर कथित भू-माफिया द्वारा अवैध कब्जे के विरोध में भारतीय किसान यूनियन (चढ़ूनी) ने कलेक्ट्रेट के समीप धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया है। बुलंदशहर से बड़ी संख्या में किसान इस धरने में शामिल होने के लिए मेरठ पहुंचे हैं। भाकियू चढ़ूनी के प्रदेश अध्यक्ष सूबे सिंह डांगर के अनुसार, कुछ दबंग लोगों और भू-माफिया ने प्रशासन की कथित मिलीभगत से एक गरीब किसान की जमीन पर जबरन कब्जा कर लिया है। किसान संगठन ने प्रशासन से इस मामले में तत्काल कार्रवाई करने और जमीन को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है। धरना प्रदर्शन में प्रदेश की टीम से आयुषी तेवतिया, मेरठ जिला अध्यक्ष सतीश फौजी, रशीद ठाकुर, मुकेश शर्मा, जयवीर सिंह और बबलू फौजी सहित अन्य किसान नेता मौजूद रहे। किसान नेताओं का कहना है कि जब तक प्रशासन कब्जाधारकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई नहीं करता और पीड़ित किसान को उसकी जमीन वापस नहीं दिलाई जाती, तब तक उनका धरना प्रदर्शन जारी रहेगा।

# नोएडा में दोस्त ने की युवक की हत्या



**शराब के नशे में हुए विवाद में मार दी सिर पर ईट**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, ग्रेटर नोएडा में एक दर्दनाक घटना में शराब के नशे में एक श्रमिक ने अपने साथी की जान ले ली। बिसरख थाना क्षेत्र की आम्रपाली वेरोना हाइट्स सोसाइटी में काम करने वाले दो श्रमिकों के बीच विवाद ने घातक मोड़ ले लिया। घटना की है, जब बिहार के रहने वाले नीरज और सुमित झा एक साथ खाना खा रहे थे। दोनों न केवल साथ काम करते थे बल्कि एक ही जगह रहते भी थे। शराब के नशे में दोनों के बीच विवाद हो गया, जिसमें नीरज ने गुस्से में आकर सुमित के सिर पर ईंट से वार कर दिया। गंभीर रूप से घायल सुमित को बेहोश हालत में लेबर ठेकेदार द्वारा तुरंत निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। अगले दिन 14 जनवरी को उपचार के दौरान सुमित की मृत्यु हो गई। लेबर ठेकेदार की शिकायत पर पुलिस ने आरोपी नीरज के खिलाफ मामला दर्ज कर उसे गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस आगे की कानूनी कार्रवाई कर रही है। यह घटना दो दोस्तों के बीच शराब के नशे में हुए विवाद का दुखद परिणाम है।

# नोएडा में फोन करके बुलाया, फिर कर दिया हमला

- ग्रेटर नोएडा में युवक को डंडों से पीटा, अस्पताल में भर्ती; 8 नामजद आरोपी

अमन लेखनी समाचार




नोएडा, ग्रेटर नोएडा के जेवर में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। करौली बांगर गांव के एक युवक को फोन पर बुलाकर कुछ लोगों ने बेरहमी से पीट दिया। पीड़ित अंकुर को उसके परिचित धर्मेंद्र ने रात को रामपुर अंडरपास के पास बुलाया था। जैसे ही अंकुर बाइक से उतरा, धर्मेंद्र और उसके साथियों ने डंडों से उस पर जानलेवा हमला कर दिया। हमलावरों में धर्मेंद्र के अलावा अक्षय, अशोक, राजा, डिप्टी, पिंटू, भरत चौधरी और दीपक समेत 6 अज्ञात लोग शामिल थे। हमले में अंकुर के हाथ-पैरों में गंभीर चोटें आईं और वह लहूलुहान होकर गिर गया। परिजनों को सूचना मिलने पर उन्होंने तुरंत अंकुर को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उसका इलाज जारी है। पीड़ित के भाई गौरव ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। उनका आरोप है कि मुख्य आरोपी धर्मेंद्र ने पुलिस में शिकायत करने पर पूरे परिवार को जान से मारने की धमकी भी दी है। जेवर कोतवाली प्रभारी संजय सिंह ने बताया कि 8 नामजद और 6 अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस जल्द ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार करने का दावा कर रही है।

# साध्वी माता राज लक्ष्मी का गाजियाबाद में स्वागत

## हिंदुत्व की पहचान बनाए रखना जरूरी : साध्वी माता राज लक्ष्मी

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, एयर फोर्स संगठन गाजियाबाद ने साध्वी माता राज लक्ष्मी का फूल मालाओं से स्वागत किया। इस मौके पर साध्वी माता राजलक्ष्मी ने सनातन धर्म के रक्षा के लिए जीवन में सकारात्मकता को स्थान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि अपने हिंदुत्व की पहचान को बनाए रखने के लिए अपने बच्चों में अच्छे संस्कारों को निरूपित करें और सप्ताह में किसी एक दिन सब परिवार बच्चों के साथ मंदिर जाकर भगवान के दर्शन किया करें। उनका मानना है कि हवा तो चारों ओर है लेकिन पंखे के नीचे बैठकर हम महसूस करते हैं इस तरह भगवान सर्वत्र व्याप्त हैं। लेकिन मंदिर में जाने से हमें उसका आभास होता है कि भगवान हमारे साथ हैं। गंगा में स्नान करने की महत्ता का उन्होंने विस्तार से वर्णन किया और कहा कि गंगा की पवित्रता को अक्षुण्ण बनाए रखने की जरूरत है, और गंगा से संबंध जोड़ने की जरूरत है। महाकुंभ सनातन संबंधों को जोड़ता है और गंगा में डुबकी लगाकर हम अपने तन मन को पवित्र करते हैं और सकारात्मकता की ओर बढ़ते हैं।

उनके विचारों से आए हुए तमाम लोगों ने बहुत कुछ शिक्षा ली और लोगों ने सनातन की राह पर चलने का मन भी बनाया। इस यात्रा की जितनी कम प्रशंसा की जाए कम है और उनके इस उद्देश्य की पूर्ति में तमाम भारतवासी इन के साथ खड़ा है। एयर फोर्स संगठन गाजियाबाद के अध्यक्ष देवेंद्र चौबे, संस्कार भारती गाजियाबाद महानगर के कार्यकारी अध्यक्ष अतुल प्रकाश भटनागर, योगाचार्य सतीश चंद्र शर्मा ,एमसीसी सिग्नेचर हाइट के महामंत्री मीनू त्यागी, फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ऑफ गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन इकाई के मीडिया प्रभारी मनोज अग्रवाल ने राजनगर एक्सटेंशन में यह स्वागत किया। कार्यक्रम के स्वागत के क्रम में डॉ राजीव श्रीवास्तव ने साध्वी माता राजलक्ष्मी के कृतित्व एवं व्यक्तित्व की पूरी जानकारी दी और बताया कि साध्वी माता राजलक्ष्मी ने गिनीज बुक का रिकॉर्ड में इनका दो बार नाम आ चुका है। कार्यक्रम का संचालन कैप्टन गोपाल सिंह गुंजन ने किया। फ्लैट ओनर्स फेडरेशन ऑफ गाजियाबाद राजनगर एक्सटेंशन इकाई के मीडिया प्रभारी ने साध्वी माता को आश्वासन दिया कि फेडरेशन सम्पूर्ण गाजियाबाद की सभी सोसाइटी के निवासियों तक विभिन्न माध्यमों से चलों कुंभ नहाएं का संदेश पहुंचाने का निरंतर प्रयास करती रहेगी।

# गाजियाबाद में 25 तोला सोना और चांदी के जेवरात चोरी

**परिवार को कमरे में बंद कर चोरों ने साफ की अलमारी**

अमन लेखनी समाचार



गाजियाबाद, भोजपुर थानाक्षेत्र के गांव तलहेटा में चोरों ने एक किसान के घर में बड़ी वारदात को अंजाम दिया। चोरों ने परिवार को कमरे में बंद कर करीब 20 लाख रुपए के जेवरात चुरा लिए। घटना की जानकारी देते हुए पीड़ित किसान प्रमोद कुमार त्यागी ने बताया कि वह परिवार के साथ घर में सो रहे थे। रात के दौरान चोर मेन गेट से घर में घुसे और सबसे पहले उनके कमरे का दरवाजा बाहर से बंद कर दिया। इसके बाद चोरों ने बगल के कमरे में रखी अलमारी का ताला तोड़कर 25 तोला सोने और 10 तोले से अधिक चांदी के जेवरात चोरी कर लिए। सुबह करीब 6 बजे जब प्रमोद त्यागी की नींद खुली, तो उन्होंने देखा कि कमरे का दरवाजा बाहर से बंद है। उन्होंने अपने बेटे को फोन करके दरवाजा खुलवाया। जब वह कमरे से बाहर निकले तो देखा कि दूसरे कमरे में रखी अलमारी का ताला टूटा हुआ था और सारे जेवरात गायब थे। पीड़ित ने भोजपुर थाने में शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया है और मामले की जांच शुरू कर दी है।

# झुग्गी-झोपड़ी और किराएदारों का सत्यापन अभियान शुरू



**ग्रेटर नोएडा में बिना वेरिफिकेशन किराएदार रखने पर मकान मालिक पर होगी कार्रवाई**

अमन लेखनी समाचार

गौतम बुद्ध नगर, ग्रेटर नोएडा पुलिस ने आगामी 26 जनवरी और कुंभ मेले की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए 'ऑपरेशन पहचान' अभियान की शुरूआत की है। इस अभियान के तहत सहायक पुलिस आयुक्त द्वितीय ग्रेटर नोएडा सौम्या सिंह और थाना प्रभारी दादरी के नेतृत्व में पुलिस टीम क्षेत्र के झुग्गी-झोपड़ियों और कॉलोनियों का दौरा कर रही है। पुलिस टीम किरायेदारों और यहां काम करने वाले लोगों का सत्यापन कर रही है। अधिकारियों ने सभी मकान मालिकों को निर्देश दिए हैं कि वे किसी भी किरायेदार को बिना दस्तावेज सत्यापन के न रखें। यदि कोई मकान मालिक बिना सत्यापन के किरायेदार को रखता है, तो उसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी। पुलिस ने बताया कि यह अभियान आने वाले दिनों में भी जारी रहेगा। इस कदम का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना और संभावित अपराधिक गतिविधियों पर नियंत्रण रखना है।

# नोएडा में पहली बार रोबोटिक सर्जरी से हुआ किडनी ट्रांसप्लांट

**म्यांमार के 68 साल के मरीज हुए ठीक, 5 घंटे चली सर्जरी**

अमन लेखनी समाचार

नोएडा, म्यांमार के 68 साल के मरीज जॉआ का सफल रोबोट-एडेड किडनी ट्रांसप्लांट किया गया। ये सर्जरी फोर्टिस अस्पताल में की गई। मरीज क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित थे। पिछले साल जून से डायलसिस पर थे। मरीज का इलाज डॉ. पीयूष वाष्णेय, डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट और उनकी टीम न किया। मरीज को आठ दिन बाद अस्पताल से छुट्टी दी गई। मरीज पेट के भाग में मोटापे से ग्रस्त थे। जिसकी वजह से सर्जरी के बाद हीलिंग में काफी मुश्किलें पेश आई और इंफेक्शन का भी खतरा था। इसके अलावा, डायलसिस के दौरान भी मरीज को कई समस्याएं हो रही थी। जैसे वे कई बार बेहोश हो जाते, उनकी मांसपेशियों में काफी जकड़न पैदा होती या लो ब्लड प्रेशर की समस्या आ रही थी। वह अपनी दैनिक गतिविधियों को भी ठीक प्रकार से करने में असमर्थ हो गए। ऐसे में उनके परिजनों ने किडनी ट्रांसप्लांट का विकल्प चुना और उपचार के लिए मरीज को फोर्टिस हॉस्पीटल, नोएडा में भर्ती कराया। मरीज को जब अस्पताल लाया गया तो वह काफी कमजोर थे। टॉक्सिन्स के जमाव व डायलसिस के कारगर नहीं होने की वजह से उनका पोषण स्तर भी बिगड़ चुका था। अस्पताल में उनकी विस्तृत तरीके से मेडिकल जांच की गई। जिसमें ब्लड टेस्ट, अल्ट्रासाउंड, कार्डियाक जांच, नसों और धमनियों का मूल्यांकन व अन्य कई टेस्ट किए गए। इनके नतीजों ने किडनी ट्रांसप्लांट की पुष्टि की। लेकिन पेट में मोटापे और कमजोर इम्यूनिटी के चलते रिस्क काफी बढ़ चुका था। ऐसे में रोबोटिक किडनी ट्रांसप्लांट ही बेहतर विकल्प था। मरीज की बहन अपने भाई के उपचार के लिए डोनर के रूप में आगे आई। डॉ अनुजा पोरवाल, डायरेक्टर नेफ्रोलॉजी ने कहा, रोबोट की मदद से किडनी ट्रांसप्लांट से मरीजों के मामले में बेहतर नतीजे सामने आते हैं। खासतौर से यदि मरीज की उम्र अधिक हो या वे मोटापे के शिकार हो। रोबोटिक सर्जरी की सटीकता के चलते जटिलताओं का रिस्क कम होता है। मरीज की रिकवरी भी तेजी से होती है। छोटे आकार का चीरा लगाने से मरीज को कम तकलीफ होती है और एडवांस टेक्नोलॉजी की सहायता से ट्रांसप्लांट भी अधिक सटीक और सुरक्षित होता है। जिसके परिणामस्वरूप मरीज जल्द स्वास्थ्यलाभ कर अपनी दैनिक गतिविधियों को खुद करने में सक्षम बनते हैं। इस सर्जरी में 5 घंटे का समय लगा। डॉ पीयूष वाष्णेय, डायरेक्टर यूरोलॉजी एंड किडनी ट्रांसप्लांट ने कहा कि ₹रोबोट की मदद से की जाने वाली सर्जरी के कई फायदे होते हैं। खासतौर से जटिल स्वास्थ्य समस्याओं से पीड़ित बुजुर्ग मरीजों के लिए यह उपयोगी साबित होती है। पेट के मोटापे से ग्रस्त मरीजों के मामले में, रोबोट की मदद से की जाने वाली सर्जरी में सर्जिकल साइट तक आसानी से पहुंचा जाता है। यह इंफेक्शन और हर्निया जैसी जटिलताओं को कम करने के साथ-साथ तेजी से रिकवरी में भी सहायक होती है।

# स्वामित्व योजना के अंतर्गत घरौनी वितरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

अमन लेखनी समाचार

हमीरपुर।स्वामित्व योजना के अंतर्गत आज घरौनी वितरण कार्यक्रम का आयोजन कलेक्ट्रेट स्थित डॉ एपीजे अब्दुल कलाम सभागार कक्ष में संपन्न हुआ। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि राज्यमंत्री ,महिला कल्याण,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग उत्तर प्रदेश प्रतिभा शुक्ला रहीं। इस मौके पर प्रधानमंत्री द्वारा घरौनी के इलेक्ट्रॉनिक वितरण कार्यक्रम का कलेक्ट्रेट सभागार में सजीव प्रसारण देखा गया तथा प्रधानमंत्री द्वारा लाभार्थियों से किए गए संवाद कार्यक्रम का भी अवलोकन किया गया। तत्पश्चात मुख्यमंत्री के घरौनी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण देखा गया । इसके पश्चात जनपद के विभिन्न लाभार्थियों को मुख्य अतिथि मा



राज्यमंत्री जी द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में अपने हाथों से घरौनी वितरित की गई तथा लाभार्थियों को घर के मालिकाना हक मिलने पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी।मा मंत्री जी ने अपने संबोधन में कहा कि घर का मालिकाना हक / वैध प्रपत्र मिलने से अब किसी प्रकार का झगड़ा आदि नहीं हो सकेगा तथा जरूरत के समय में लोगो को ऋण भी मिल सकेगा।उन्होंने कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने का कार्य कर रही है। इसी क्रम में जल जीवन मिशन के अंतर्गत गांव-गांव तक नल से जल उपलब्ध कराया जा रहा है। किसानों ,महिलाओं, युवाओ,गरीबों के हित में अनेक योजनाएं लागू की गयीं हैं जिनका लाभ सभी को मिल रहा है। उन्होंने लोगों को आत्मनिर्भर बनने हेतु प्रोत्साहित किया घरौनी वितरण कार्यक्रम के तहत जनपद हमीरपुर के कुल 636 राजस्व ग्रामों के सापेक्ष अब तक 440 ग्रामों में घरौनी निर्माण का कार्य सम्पादित किया गया है। अब तक कुल डिजिटल घरौनी कार्ड निर्माण में जनपद में कुल 127880 प्रापर्टी कार्ड तैयार किये गये हैं जिनमें तहसील हमीरपुर में 33880, मौदहा में 44950, राठ में 25377 तथा सरीला में 23673 ) निर्मित किये गये हैं। आज के कार्यक्रम में जनपद के कुल 42 ग्रामों (जिनमें तहसील हमीरपुर के 24 ग्राम, मौदहा के 09 ग्राम, राठ का 01 ग्राम तथा तहसील सरीला 08 ग्राम ) में डिजिटल घरौनी का वितरण किया गया, जिनमें तहसील हमीरपुर में 3833, मौदहा में 1720, राठ में 124 तथा सरीला में 1855 घरौनी, इस प्रकार जनपद में कुल 7532 घरौनियों का वितरण किया गया।कार्यक्रम के दौरान माननीय मंत्री जी ने बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत मेधावियों/ हाई स्कूल तथा इंटरमीडिएट परीक्षा में जनपद की टॉप 10 में आने वाली छात्राओं को 5000- 5000 का चेक एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर जिलाधिकारी घनश्याम मीना ने घरौली वितरण कार्यक्रम में आए हुए सभी अतिथियों का आभार व्यक्त किया इस मौके पर मा अध्यक्ष जिला पंचायत जयंती राजपूत, विधायक राठ मनीषा अनुरागी , राज्यसभा सांसद प्रतिनिधि अशोक तिवारी, सीडीओ चंद्रशेखर शुक्ला, एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर, एडीएम न्यायिक डॉ नागेंद्र नाथ यादव ,एडीएम नमामि गंगे सुरेश कुमार, डिप्टी कलेक्टर खालिद अंजुम, अध्यक्ष नगर पालिका परिषद हमीरपुर को कुलदीप निषाद तथा अन्य संबंधित मौजूद रहे।

# सुमेरपुर कस्बे के दो केंद्रों में हुई नवोदय प्रवेश परीक्षा

## कुल 773 में से 231 ने छोड़ी परीक्षा

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।कस्बे के दो इंटर कालेजों में आयोजित नवोदय प्रवेश परीक्षा में पंजीकृत 773 परीक्षार्थियों में से 231 ने परीक्षा छोड़ दी।कड़ी सुरक्षा के बीच राजकीय बालिका इंटर कालेज एवं मां गीता माहेश्वरी इंटर कालेज में परीक्षा संपन्न कराई गई। नोडल अधिकारी सहित अन्य अधिकारियों ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण किया।


शनिवार को नवोदय प्रवेश परीक्षा जिले के सातों विकासखंड क्षेत्र में आयोजित कराई गई।जिले में कुल 12 परीक्षा केंद्र बनाए गए थे।सुमेरपुर कस्बे के दो परीक्षा केंद्रों में से राजकीय बालिका इंटर कालेज में 245 के सापेक्ष 156 परीक्षार्थियों ने हिस्सा लिया।यहां



कुल 89 अनुपस्थित रहे।इसी तरह मां गीता महेश्वरी इंटर कालेज में 528 के सापेक्ष 386 परीक्षार्थियों ने परीक्षा में हिस्सा लिया। यहां पर 142 अनुपस्थित रहे। जिलाधिकारी को ओर से नामित नोडल अधिकारी बीडीओ विपिन कुमार ने परीक्षा केंद्रों का निरीक्षण करके परीक्षा का जायजा लिया। इसी तरह जिला विद्यालय निरीक्षक महेश कुमार ने नवोदय विद्यालय के प्रधानाचार्य निधेष सिंह के साथ केंद्रों का निरीक्षण किया।यह दोनों केंद्रों में सुबह 11.30 बजे से 1.30 बजे तक संपन्न कराई गई। प्रवेश के पूर्व परीक्षार्थियों की केंद्रों के मुख्य गेट पर सघन तलाशी की गई।

# अमेठी जनपद में 2023 में हुई 44 हजार दुर्घटनाएं, ओवरस्पीड से हुईं 8500 मौतें

## एआरटीओ ने छात्र छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के पालन हेतु दिलाई शपथ



एआरटीओ अमेठी सर्वेश कुमार सिंह



अमन लेखनी समाचार

अमेठी सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए 1 जनवरी से 31 जनवरी तक चल रहे सड़क सुरक्षा माह के तहत अमेठी के आरआरपीजी कॉलेज में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम का आयोजन किया गया कार्यक्रम में एआरटीओ सर्वेश सिंह ने चिंताजनक आंकड़े साझा करते हुए बताया कि 2023 में 44,000 सड़क दुर्घटनाएं हुईं, जिनमें 23,000 लोगों की मौत हो गईएआरटीओ ने बताया कि इन दुर्घटनाओं में से 8,500 मौतें केवल ओवर स्पीड के कारण हुईं, जिनमें 7,000 दोपहिया वाहन चालक शामिल थे। उन्होंने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं का एक प्रमुख कारण लोगों का अहंकार है, जिसके चलते वे हेलमेट या सीट बेल्ट पहनने से कतराते हैं।

### छात्र-छात्राओं ने सड़क सुरक्षा की ली शपथ

कॉलेज के प्रिंसिपल ओपी त्रिपाठी की उपस्थिति में आयोजित इस कार्यक्रम में सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने भाग लिया। एआरटीओ सर्वेश सिंह ने युवाओं से आह्वान किया कि वे सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता फैलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकते हैं। उन्होंने छात्रों को याद दिलाया कि वे अपने परिवार की उम्मीद हैं और उनका परिवार हमेशा उनकी सुरक्षित वापसी की प्रतीक्षा करता है।परिवहन विभाग द्वारा शासन के निर्देश पर चलाए जा रहे इस व्यापक जागरूकता अभियान के तहत छात्र-छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की शपथ दिलाई गई। विभाग का लक्ष्य है कि सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाई जाए और लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़े।

# एक वैवाहिक जोड़ा पुनः साथ रहने को हुआ राजी

## अमेठी की खाकी कर रही रिश्तों को मजबूत

अमन लेखनी समाचार

अमेठी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा चल रही मिशन शक्तिह्व नारी सुरक्षा, नारी सम्मान, नारी स्वावलम्बन के तहत उपनिरीक्षक ममता रावत थानाध्यक्ष महिला थाना मय टीम द्वारा पति-पत्नी के बीच चल रहे विवाद के संबंध में शिकायतों को सुना गया तथा समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया ।जिसमें आज एक वैवाहिक जोड़ा राजी खुशी से आपस में एक साथ रहने के लिए सहमत होकर हंसी खुशी ससुराल गया ममता यादव अमेठी पथिक समाचार प्रतिनिधि से जानकारी देते हुए बताया की पती पत्नी के बीच छोटी छोटी बातो से कटुता आ जाती है ऐसे में पती पत्नी दूर रहने लगते हैं ऐसे में मां का रोल अहम होता है दिन भर मोबाइल से बाते करना बेटी की गलती ना मानना अहम कारण है ऐसे में पती पत्नी में आए दिन नोक झोंक से परिवार भी परेशान रहता है उपनिरीक्षक ममता रावत ने दोनों की शिकायतों को अच्छी तरह से सुना दोनों की अच्छी काउंसलिंग करते हुए समस्याओं को सुलझाते हुए पति-पत्नी को साथ रहने के लिए समझाया गया जहां आज पुनः साथ रहने को राजी हुए परिजनों ने पुलिस को धन्यवाद दिया अमेठी पुलिस द्वारा उनको आगामी जीवन की शुभकामनाएं दी गईं ।



# स्वामित्व योजना के अंतर्गत प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) वितरण कार्यक्रम का आयोजन

## प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाभार्थियों से संवाद एवं उद्बोधन का सजीव प्रसारण





अमन लेखनी समाचार

अमेठी स्वामित्व योजना के अंतर्गत तैयार किए गए प्रॉपर्टी कार्ड (घरौनी) का वितरण कार्यक्रम आज जनपद की समस्त तहसीलों व ब्लॉकों में किया गया। इस अवसर पर. प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के लाभार्थियों से संवाद व उद्बोधन कार्यक्रम का सभी जगह सजीव प्रसारण किया गया। मुख्य कार्यक्रम जिलाधिकारी निशा अनंत की अध्यक्षता में राजीव गांधी पेट्रोलियम इंस्टीट्यूट संस्थान जायस में किया गया।इस अवसर पर उपस्थित लोगों को स्वच्छता व नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई तथा वर्तमान समय में सरकार की चल रही योजनाएं फार्मर रजिस्ट्री, फैमिली आईडी बनवाने की अपील की गई।.प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री के सजीव प्रसारण के उपरांत जनपद में सभी जगह अधिकारियों जनप्रतिनिधियों द्वारा लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। आज जनपद में 571 राजस्व गांवों के कुल 23548 लाभार्थियों को घरौनी का वितरण किया गया। इस अवसर पर जिलाधिकारी ने कहा कि स्वामित्व योजना से जहां एक तरफ ग्रामीण जनों के भूमि विवाद संबंधी विवादों का समाधान होगा वहीं दूसरी तरफ ग्राम पंचायत की भूमि का स्पष्ट मानचित्र प्राप्त होगा जिससे गांव के आधारभूत संरचना के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं को बनाना आसान होगा इससे लाभार्थी गण विभिन्न योजनाओं का लाभ प्राप्त कर सकेंगे।इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक दिनेश कुमार मिश्रा, जिला पंचायत राज अधिकारी मनोज त्यागी, उपजिलाधिकारी तिलोई अमित सिंह, तहसीलदार तिलोई सहित अन्य संबंधित अधिकारी, जनप्रतिनिधि व लाभार्थी गण उपस्थित रहे।

# विहिप समागम के लिए जिले की 50 से अधिक दुर्गा वाहिनी रवाना

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर। विश्व हिंदू परिषद ने सुमेरपुर कस्बे से 50 से अधिक मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी की सदस्यों को निजी बस से महाकुंभ यात्रा के लिए रवाना किया। यह सभी महाकुंभ में 19 जनवरी को होने वाले समागम में शामिल होंगी। विहिप जिलाध्यक्ष रामदत्त पांडे ने बताया कि संगठन की ओर से सुमेरपुर कस्बा सहित हमीरपुर व मौदहा से 50 से अधिक मातृ शक्ति एवं दुर्गा वाहिनी से जुड़ी सदस्यों को महाकुंभ यात्रा के लिए रवाना किया गया है।यह सभी महाकुंभ प्रयागराज में 19 जनवरी को होने वाले संगठन समागम में हिस्सा लेंगी। इस मौके पर विहिप के जिला मंत्री अवधेश भरद्वाज, सत्संग प्रमुख त्रिभुवन, दुर्गा वाहिनी की जिला संयोजिका सुखदेवी आदि मौजूद रहे।

# तेज रफ्तार बुलेट पलटने से युवक की दर्दनाक मौत

## बिल्डिंग मटेरियल खरीदकर लौट रहा था, मोड़ते समय हुआ हादसा

अमन लेखनी समाचार

अमेठी में एक और दर्दनाक सड़क हादसे ने सभी को झकझोर कर रख दिया। कपासी गांव के अंधे मोड़ पर बीती रात एक बुलेट मोटरसाइकिल सवार युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान भवानीगढ़ गांव के पूरे कैथन मजरे के 23 वर्षीय सुनील कुमार के रूप में हुई है।

घटना बीती रात की है, जब सुनील बिल्डिंग मटेरियल खरीदने बाबा नगर चौराहे गया था। वापसी के दौरान कपासी गांव के पास स्थित अंधे मोड़ पर तेज रफ्तार में उनकी बुलेट मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर सड़क किनारे गड्ढे में जा गिरी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक युवक के ऊपर पलट गई, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई।



### राहगीरों ने दी जानकारी

सूचना जामो पुलिस को दी। चौकी प्रभारी हरदेव बहादुर सिंह टीम के साथ मौके पर पहुंचे और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजकर मामले की जांच शुरू कर दी। स्थानीय लोगों के अनुसार, यह मोड़ पहले से ही दुर्घटनाओं के लिए कुख्यात है और यहां पहले भी कई गंभीर हादसे हो चुके हैं।

# जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल कूद प्रतियोगिता का आयोजन

अमन लेखनी समाचार

अमेठी युवा कल्याण एवं प्रादेशिक विकास दल विभाग उत्तर प्रदेश के तत्वाधान में तथा उत्तर प्रदेश ग्रामीण खेल लीग के अंतर्गत आज दूसरे दिन डॉक्टर भीमराव अंबेडकर स्टेडियम में जनपद स्तरीय ग्रामीण खेल लीग प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। आज द्वितीय दिवस के अवसर पर अमेठी जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश अग्रहरि के द्वारा खिलाड़ियों को पुरस्कार वितरित कर उनका मनोबल बढ़ाया गया। आज दूसरे दिन एथलेटिक्स, कबड्डी व वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें विजयी खिलाड़ियों को जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा पुरस्कार वितरित किया गया।इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी काशीनाथ, जिला बैडमिंटन एसोसिएशन महेंद्र कुमार सहित अन्य उपस्थित रहे।

# दो इलाकों में आवाजाही पर लगी रोक, आसपास मिले बाघ के पगचिह्न

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। जंगलों के आसपास रहने वालों की मुसीबतें बढ़ गई है। वजह यह है कि बाघ रहमान खेड़ा के जोन एक और जोन दो के आसपास घूम रहा है।इस वजह से वन विभाग ने जोन एक में संस्थान और जोन दो में मीठे नगर इलाके में लोगों के आवाजाही प्रतिबंधित कर दिया है।

ऐसे दोनों इलाके को नो गो जोन एरिया घोषित कर दिया गया है।यहां पर सीसीटीवी कैमरों से 24 घंटे निगरानी की जा रही है। मीठे नगर में नीलगाय के शिकार वाले स्थान के पास एक नया पिंजरा लगाया गया है। शाम को जोन तीन के उलरापुर में बाघ की गतिविधियां पायी गई है।रहमान खेड़ा के जंगलों में 47 दिन से घूम रहे बाघ को पकड़ने के लिए वन विभाग नई नई तकनीकों का प्रयोग कर रहा है लेकिन बाघ पकड़ में नही आ रहा है। बाघ को पकड़ने में पिटफॉल (गड्ढा खोदकर बाघ को गिराने) की तकनीक भी काम नही कर रही है। शुक्रवार को खोदे गए पिटफॉल के आसपास भी बाघ नही आया। शनिवार को संस्थान के जोन एक एवं जोन दो के मीठे नगर गांव के जंगल में बाघ के ताजे पगचिन्ह पाये गए है। शनिवार की सुबह उलरापुर के जंगल में और दोपहर में मीठे नगर के जंगल मे हथिनियों डायना और सुलोचना के जरिये सघन कॉम्बिंग की गयी लेकिन बाघ नही दिखा।

### आबादी के कारण मचान और गड्ढे से दूर हुआ बाघ

डीएफओ डॉ सितांशु पाण्डेय ने बताया कि संस्थान के बेल ब्लॉक में बनाये गए पिटफॉल से दूर बाघ के पगचिन्ह मिले थे। गड्ढे से दूर बाघ के पगचिह्न मिलने से यह संभावना जताई जा रही है कि आबादी के लोगों की गतिविधियों के चलते बाघ का मूवमेंट मचान और पिटफॉल के आसपास नहीं है। इसलिए संस्थान के जोन एक और जोन दो वाले इलाके में बाघ के रेस्क्यू करने तक आवागमन रोक दिया गया है।

### तीन दिनों से बाघ की 10 किमी के दायरे में घूम रहा

रहमानखेड़ा संस्थान के जंगल सहित उलरापुर और मीठे नगर के जंगलों में बाघ की गतिविधियां तीन दिनों से बनी हुई है। इस दौरान बाघ संस्थान के तीन जोन के अंदर ही घूम रहा हैं। आसपास के ग्रामीण इलाकों में बाघ की उपस्थिति नही पायी गई।

# नाबालिग किशोरी से बंधक बनाकर दुष्कर्म, मुकदमा दर्ज

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। एक गांव निवासी नाबालिग किशोरी को युवक ने घर में बंधक बना कर दुष्कर्म किया। विरोध करने पर मारपीट कर आरोपी कमरे में बंद कर वहां से भाग निकला। किशोरी वहां से किसी तरह बच कर निकली जिसके बाद परिजनों को आप बीती सुनाई पिता ने आरोपी के खिलाफ पुलिस को तहरीर देकर मुकदमा दर्ज कराया है।

### आरोपी ने अपने घर में किशोरी को बनाया बंधक

मिली जानकारी के अनुसार बीते बृहस्पतिवार को रात करीब नौ बजे परिवार के लोग सो रहे। रात करीब 12 बजे परिवार वालों की नींद खुली तो देखा कि 15 वर्षीय बेटी चारपाई पर नहीं हैं ।परिजनों ने किशोरी को इधर-उधर काफी तलाश की लेकिन उसका कुछ पता ना चला अगले दिन शाम को किशोरी गुमसुम अवस्था में वापस घर लौटी। बेटी का चेहरा देख परिवार वाले आश्चर्य चकित रह गए। किशोरी ने बताया कि रात में वह शौच के लिए घर से बाहर गई थी। तभी पड़ोसी हरिओम आ गया वह किशोरी को जबरन घसीट कर अपने घर ले गया। जहां बंधक बना कर उसके साथ दुष्कर्म किया। किशोरी के विरोध करने पर युवक ने मारपीट कर कमरे में बंद कर युवक वहां से भाग निकला। किशोरी ने उसके जंगल से बचकर परिजनों को आप बीती बतायी। जिसपर पुलिस ने किशोरी के पिता की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल शुरू कर दी है।

# एक क्लिक से पता चलेगा आपकी आईडी पर कितने सिम एक्टिव है

अमन लेखनी समाचार

लखनऊ। साइबर क्राइम मुख्यालय में यूपी पुलिस की साइबर वेबसाइट cyberpolice. uppolice. gov.in से नागरिक कई सुविधाओं का फायदा उठा सकते हैं। इस वेबसाइट पर एक क्लिक से नागरिक यह भी पता कर सकते हैं कि उनकी आईडी पर कितने मोबाइल नम्बर चल रहे हैं।किसी ने उनकी आईडी पर सिम कार्ड जारी कराकर उससे फर्जी वाड़ा तो नहीं कर रहा है...यह भी पता करना आसान हो गया है। अगर किसी का मोबाइल चोरी अथवा खो जाता है तो वह कुछ समय में ही इस वेबसाइट के जरिए अपने मोबाइल नम्बर को ब्लॉक करवा सकता है। साइबर ठगी का शिकार होने पर पीड़ित इस लिंक पर शिकायत करने के साथ ही 1930 पर कॉल भी कर सकता है।

डीजीपी प्रशांत कुमार ने शुक्रवार को साइबर क्राइम मुख्यालय में यूपी पुलिस की इस साइबर वेबसाइट को लांच किया था। यह वेबसाइट उत्तर प्रदेश पुलिस की वेबसाइट uppolice.gov.in से भी लिंक है। वेबसाइट का लिंक cyberpolice. uppolice.gov.in है।इसके जरिए लोग वित्तीय अनियमितताओं की शिकायत भी आरबीआई के पोर्टल पर सकता है। इसके अलावा इस वेबसाइट के मुख्य पृष्ठ पर कई तरह के लिंक है। इनमें साइबर अपराध के विभिन्न तरीकों के साथ विदेश भेजने वाले वैद्य और अवैघ एजेन्टों की भी पूरी जानकारी है। साथ ही प्रदेश के सभी 75 जिलों में खोले गए साइबर थाना के नम्बर, प्रभारी के नम्बरों की सूची भी दिखती है।

### साइबर अपराध को रोकने के तरीके भी बताए गए

इस वेबसाइट के जरिए नागरिक साइबर अपराध को रोकने के तरीके पता कर सकते है। यह भी दिखाया गया कि किस तरह साइबर अपराध से बचा जा सकता है। साथ ही अब तक पकड़े गए साइबर अपराधी और पुलिस के हत्थे चढ़े इन अपराधियों के तरीकों का भी पूरा ब्योरा दर्ज किया गया है। डीजीपी प्रशांत कुमार का कहना है कि इस वेबसाइट का फायदा आम लोगों को भी मिलेगा। साथ ही इसमें कई और नई तकनीक का इस्तेमाल आने वाले समय में किया जाएगा।

# ब्लाक प्रमुख सहित मंडल अध्यक्षों ने 60 ग्रामीणों को सौंपी घरौनी

## ब्लाक प्रमुख ने कहा कि आजादी के बाद सरकार का यह सबसे बेहतर काम

अमन लेखनी समाचार

भरुआ, सुमेरपुर।विकासखंड कार्यालय के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ग्रामीणों को ब्लॉक प्रमुख सहित भाजपा मंडल अध्यक्षों ने घरौनियों का वितरण किया। इस दौरान ब्लाक प्रमुख ने ग्रामीणों को स्वच्छता रखने का संकल्प दिलाकर शपथ दिलाई।

शनिवार को ब्लॉक सभागार में आयोजित कार्यक्रम में ब्लॉक की छह से अधिक पंचायतों के लोगों को ब्लाक प्रमुख जयनरायन सिंह यादव, सुमेरपुर पूर्वी के मंडल अध्यक्ष रणवीर सिंह लाला व पश्चिमी मंडल अध्यक्ष योगेंद्र दीक्षित आदि ने घरौनियों का वितरण किया। ब्लाक प्रमुख ने कहा कि आजादी के बाद सरकार का यह सबसे बेहतर काम है। इससे गांव के लोगों को भी मालिकाना हक प्राप्त हुआ है। उन्होंने ग्रामीणों को स्वच्छता की शपथ दिलाई।इस अवसर पर मंडल अध्यक्षों सहित खंड विकास अधिकारी विपिन कुमार ने विचार व्यक्त कर सरकार की योजनाओं की जानकारी दी।इस मौके पर एडीओ पंचायत सुरेश कुमार, कोआपरेटिव बैंक के उप सभापति संतोष कुमार गुप्ता, ग्राम प्रधान व ग्रामीण आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री के उद्बोधन का लाइव प्रसारण भी किया गया।

अमन लेखनी
(हिन्दी दैनिक)

स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती अखिलेश सिंह द्वारा अवध एक्सप्रेस प्रकाशन, 434, सिविल लाइन, जेल रोड, उन्नाव, उत्तर प्रदेश से मुद्रित और ग्राम व पोस्ट- बनी, थाना- बन्थरा, लखनऊ- 226401 (उ.प्र.) से प्रकाशित।

सम्पादक– श्रीमती अखिलेश सिंह

समाचार सम्पादक – रुद्र प्रताप सिंह

समाचार से संबंधित सभी विवादों का न्यायिक क्षेत्र लखनऊ होगा।

मो. – 9838159555, 9935457982

E-mail address amanlekhaninews@gmail.com



## हेमा मालिनी ने की 'महाकुंभ आरती' लॉन्च

**मुंबई।** अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा ने गुरुवार को महाकुंभ आरती, गंगा आरती और प्रार्थना भजन को लॉन्च किया। इन गीतों को अनूप जलोटा, हेमा मालिनी और विशाल अग्रवाल ने गाया है। इसके बोल कवि नारायण अग्रवाल जी 'दास नारायण' ने लिखे हैं। म्यूजिक लॉन्च के मौके पर अभिनेत्री हेमा मालिनी, अनुराधा पौडवाल, अनूप जलोटा कवि नारायण अग्रवाल जी 'दास नारायण' और गायक विशाल अग्रवाल मौजूद रहें। इस दौरान सभी ने गीत को लेकर अपने विचार साझा किए। उन्होंने गीतों को पवित्र और श्रोताओं के साथ गहनता से जुड़ने में सहायक बताया।

लाइफ Style

## खुशी कपूर

### न्यू एज लव स्टोरी है 'लवयापा'

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्यार के महीने फरवरी में खुशी कपूर और जुनैद की खान की फिल्म 'लवयापा' रिलीज होने वाली है। हाल ही में इस फिल्म का एक रोमांटिक सॉन्ग 'रहना कोल' रिलीज हुआ है। इसमें खुशी और जुनैद का रोमांटिक अंदाज नजर आ रहा है।

फिल्म 'लवयापा' एक न्यू एज लव स्टोरी है। कुछ दिन पहले इस फिल्म का ट्रेलर रिलीज हुआ, जिसमें जेनरेशन जी (GEN Z) के नजरिए से प्यार की कहानी कही जा रही है। हाल ही में इस फिल्म का नया गाना 'रहना कोल' रिलीज हुआ। इसमें खुशी और जुनैद प्यार के रंग में रंगे हुए नजर आए। फिल्म 'लवयापा' का नया गाना 'रहना कोल' के बोल काफी अच्छे हैं। यह प्यार के अहसास को बड़ी ही खूबसूरती से बयां कर रहे हैं। फरवरी के महीने में वैलेंटाइन डे पर यह गाना लव एंथम बन सकता है।

गाने में खुशी का ट्रेडिशनल लुक भी नजर आया। साथ ही जुनैद और खुशी के बीच की केमिस्ट्री भी अच्छी दिखी। फिल्म 'लवयापा' का सॉन्ग 'रहना कोल' को जुबिन नौटियाल और जहरा एस खान ने गाया है। दोनों की आवाज का जादू गाने में साफ महसूस होता है। वहीं, तनिष्क बागची ने इस गाने की कंपोजिशन तैयार की है। इस गाने की कोरियोग्राफी फराह खान ने की है। फिल्म 'लवयापा' 7 फरवरी को रिलीज होगी। यह वैलेंटाइन वीक रहेगा। ऐसे में श्रीदेवी की बेटी खुशी और आमिर खान के बेटे जुनैद की फिल्म को अच्छी ऑडियंस मिल सकती है।




हॉलीवुड मसाला




## बदलाव के सफर पर निकलीं

**लॉस एंजिल्स।** 'फैंटास्टिक फोर' फेम अभिनेत्री और हॉलीवुड स्टार जेसिका अल्बा ने अपने 16 साल की शादी के बाद अपने पति कैश वॉरेन से तलाक की घोषणा की है। 43 वर्षीय एक्ट्रेस, जो 'फैंटास्टिक फोर', 'सिन सिटी, 'इनटू द ब्लू' और 'अवेक' जैसी परियोजनाओं में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाती हैं। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक बयान में यह खबर साझा की। अल्बा के इस फैसले ने उनके फैंस को हैरान कर दिया है। अभिनेत्री ने कहा, 'मैं वर्षों से खुद की खोज और परिवर्तन की यात्रा पर हूं अकेले भी और कैश के साथ भी।



## अब घर बैठे देख सकेंगे कोल्डप्ले कॉन्सर्ट

**लॉस एंजिल्स।** दुनियाभर में अपने बेहतरीन म्यूजिक और गानों के लिए मशहूर कोल्डप्ले भारत में अपना कॉन्सर्ट करने वाला है। इसके टिकटों के लिए भी काफी मारामारी मची है। वहीं, टिकटों की कालाबाजारी और धोखाधड़ी की खबरें भी सामने आ रही हैं। खैर, जो लोग कॉन्सर्ट को अपने घर पर बैठकर देखने की इच्छा रखते हैं, उनके लिए गुड न्यूज है। कोल्डप्ले का प्रसारण डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर होगा। डिज्नी प्लस हॉटस्टार कोल्डप्ले के साथ मिलकर भारत भर में दर्शकों के लिए उनके प्रतिष्ठित 'म्यूजिक ऑफ द स्फीयर्स वर्ल्ड टूर कॉन्सर्ट' को लाइव प्रस्तुत किया जाएगा। कोल्डप्ले के प्रमुख गायक क्रिस मार्टिन ने भारत में शो करने को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा, 'भारत में हमारे सभी दोस्तों को नमस्ते। हमें यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 26 जनवरी को, अहमदाबाद से हमारा शो डिज्नी प्लस हॉटस्टार पर लाइव स्ट्रीमिंग होगा, इसलिए आप इसे भारत में कहीं से भी देख सकते हैं।



## इमरजेंसी को दर्शकों से मिली सराहना


**नई दिल्ली।** कंगना रनौत की फिल्म इमरजेंसी शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज हुई। फिल्म को समीक्षकों और दर्शकों की मिली-जुली प्रतिक्रिया मिल रही है। कंगना रनौत ने फिल्म 'इमरजेंसी' को डायरेक्ट भी किया और इसमें पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका भी निभाई है। फिल्म की कहानी इंदिरा गांधी के कार्यकाल में लगी इमरजेंसी की घटना पर आधारित है। फिल्म 'इमरजेंसी' देखने के बाद कंगना रनौत की एक्टिंग, डायरेक्शन की तारीफ एक दर्शक करते हुए नजर आए। वह बोले कि जब इमरजेंसी लगी थी वह काफी छोटे थे। कंगना की एक्टिंग उनको हर फिल्म में पसंद आती है, इस फिल्म में वह उनकी एक्टिंग को पूरे नंबर देते हैं। फिल्म 'इमरजेंसी' को इस दर्शक ने पांच स्टार दिए हैं। एक और दर्शक का कहना है कि कंगना ने इमरजेंसी के दौर को बिल्कुल वैसा ही दिखाया है, जैसा उस समय हुआ था।



## 'हरि हर वीरा मल्लू' का पहला गाना जारी

**मुंबई।** साउथ फिल्म 'हरि हर वीरा मल्लू' सुपरस्टार पवन कल्याण की मुख्य भूमिका में एक बड़े बजट के साथ बनाई जा रही है। फिलहाल, फिल्म की शूटिंग तेजी से की जा रही है। यह फिल्म अपनी ज्यादातर शूटिंग पहले ही पूरी कर चुकी है। आखिरकार निर्माताओं ने अपना वादा पूरा किया और अब उन्होंने फिल्म का पहला गाना रिलीज कर दिया है। यह बहुप्रतीक्षित फिल्म अगले साल 28 मार्च को तेलुगु, तमिल, हिंदी, मलयालम और कन्नड़ में रिलीज होने वाली है। निर्माताओं ने सोशल मीडिया पर खबर साझा करते हुए लिखा, 'पावरस्टार पवन कल्याण गारु के गरजने वाले स्वरों के साथ पावरफुल होने के लिए पूरी तरह तैयार।' पवन कल्याण न केवल फिल्म में अभिनय कर रहे हैं, बल्कि उन्होंने गाने के तेलुगु संस्करण को अपनी आवाज भी दी है, जिसे पेंचल दास ने लिखा है।

टीवी मसाला



## रुबीना की परफेक्ट इंग्लिश ने शो में लगाया हंसी का तड़का

**नई दिल्ली।** फेमस सेलेब्रिटी रियलिटी शो 'लाफ्टर शेफ्स' इस महीने अपने नए सीजन के साथ धमाकेदार वापसी करने वाला है। शो में टीवी और सोशल मीडिया की मशहूर हस्तियां अपने खाना बनाने की कला के साथ-साथ हंसी और मजाक का तड़का लगाती नजर आएंगी। शो के मेकर्स ने सोशल मीडिया पर बहुत से मजेदार प्रोमो शेयर किए हैं। इन टीजर्स ने लोगों को पहले सीजन के मजेदार पलों की याद दिलाई और ऐसा फील कराया की दूसरे सीजन में और भी ज्यादा मजा आने वाला है। एक प्रोमो में रुबीना दिलैक और राहुल वैद्य की मजेदार नोकझोंक दिखाई गई, जहां रुबीना राहुल को सही तरीके से काम करने के लिए कहती नजर आईं। प्रोमो में, रुबीना ने राहुल से कहा कि वो डिश में थोड़ा कम तेल डालें ताकि उसका स्वाद न खराब हो, ज्यादा तेल पड़ने से खाने का टेस्ट खराब हो जाएगा, तेल में डूबाना नहीं है। इसके बाद एक्ट्रेस ने राहुल से टेबल साफ करने के लिए टिशु मांगा और कटलरी लाने के लिए कहा. फिर एक्ट्रेस की बातों से राहुल परेशान नजर आए और उन्होंने कहा क्या लाकर दूं, स्कूटर ला दूं ये हल्की-फुल्की बातों से एक बात को पक्की है कि इस सीजन में भी लोगों को खूब मजा आने वाला है, लोग हंस-हंस कर थकने वाले हैं।

## सावी बनेगी रजत के बच्चे की मां, लेकिन होगी एक अनहोनी

**मुंबई।** 'गुम है किसी के प्यार' के अपकमिंग एपिसोड्स में कई ट्विस्ट और टर्न्स देखने को मिलेंगे। शो में मौजूदा ट्रैक सावी और रजत के इर्द-गिर्द घूम रहा है। उनके रिलेशन में नए चैलेंजेस आ रहे हैं। मेकर्स ने शो का नया प्रोमो जारी किया है, जिसमें सावी और रजत की ज़िंदगी में बड़े बदलाव की तरफ इशारा किया गया है। प्रोमो में दिखाया गया है कि सावी, जो पहले ये मान चुकी थी कि शायद वो कभी मां नहीं बन पाएगी, उसे पता चलता है कि वो रजत के बच्चे की मां बनने वाली है। इससे वह बेहद खुश होती है। सावी ये खुशखबरी रजत को बताती है और दोनों इस नए पड़ाव को लेकर काफी एक्साइटेड नजर आते हैं। लेकिन, ठीक जब सावी और रजत अपनी नई खुशियों में डूबे हुए थे, अचानक एक अनहोनी हो जाती है।



## लीला के पांच किरदार फैंस को हमेशा रहे याद

**नई दिल्ली।** भारतीय अभिनेत्री और शोले की मौसी लीला मिश्रा की शुक्रवार को पुण्यतिथि थी। लीला मिश्रा ने 50 साल तक सिनेमा में काम किया। इस दौरान उन्होंने 200 से अधिक फिल्म में शानदार किरदार निभाए। लीला मिश्रा ने अपने करियर में मां, चाची, मौसी, दादी और नामी के कई किरदार निभाए।

### शोले

अमिताभ बच्चन, धर्मेंद्र की फिल्म शोले की मौसी के लिए लीला मिश्रा को सबसे ज्यादा ख्याती हासिल हुई। साल 1975 में आई ये फिल्म बहुत बड़ी हिट रही थी। धर्मेंद्र और श्रीलीला के कई सीन फिल्म में देखने को मिले थे।



**नदिया के पार :** 1982 में आई फिल्म 'नदिया के पार' में लीला मिश्रा को काकी के किरदार में देखा गया। फिल्म में उनके डायलॉग्स फैंस आज भी पसंद करते हैं।

**अबोध :** साल 1984 में आई बॉलीवुड फिल्म अबोध का निर्देशन हिरेन नाग ने किया। इस फिल्म में अभिनेत्री माधुरी दीक्षित ने डेब्यू किया था। इस फिल्म में लीला मिश्रा ने दादी का किरदार निभाया था।

**सुहाग सिंदूर:** साल 1961 में आई फिल्म सुहाग सिदूर में लीला मिश्रा ने रुक्मिनी का किरदार निभाया था। इस शानदार किरदार को फैंस आज भी याद करते हैं। फिल्म में मनोज कुमार, माला सिन्हा मुख्य भूमिका में थे।

### शादी के बाद

साल 1972 में आई फिल्म 'शादी के बाद' में श्रीलीला ने पार्वती का किरदार निभाया था। इस कॉमेडी फिल्म में बतौर अभिनेता जितेंद्र ने काम किया था।

### परिचय

साल 1972 में आई फिल्म परिचय में लीला मिश्रा को रवि की आंटी के किरदार में देखा गया। इस किरदार को लेकर भी अक्सर चर्चा होती रहती है। फिल्म में संजीव कुमार और वीणा ने मुख्य किरदार निभाया था।

### पहेली

साल 1977 में आई फिल्म 'पहेली' में लीला मिश्रा को बलराम की मां के किरदार में देखा गया था। फिल्म को राजश्री प्रोडक्शन ने बनाया था।

## 'संगम' से लेकर 'फाइटर' तक, 'स्काई फोर्स' से पहले इन फिल्मों में दिखी वायुसेना की झलक


**नई दिल्ली।** भारतीय सिनेमा ने हमेशा भारतीय वायु सेना के साहस, बलिदान और शौर्य को पर्दे पर जीवित किया है। ऐतिहासिक युद्धों को पर्दे पर दिखाने के अलावा वायु सेना के अधिकारियों की व्यक्तिगत यात्रा को फिल्मकारों ने कई फिल्मों के माध्यम से प्रदर्शित किया है। आगामी फिल्म स्काई फोर्स में भी वायु सेना की कहानी दिखने वाली है। आइए कुछ बॉलीवुड फिल्मों के बारे में बताते हैं, जिनमें वायु सेना की झलक देखने को मिली।

### फाइटर

सिद्धार्थ आनंद के निर्देशन में बनी 'फाइटर' में ऋतिक रोशन, दीपिका पादुकोण, अनिल कपूर, करण सिंह ग्रोवर, और अक्षय ओबेरॉय ने मुख्य भूमिका निभाई थी। यह फिल्म 25 जनवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। फिल्म में ऋतिक और दीपिका ने पहली बार साथ काम किया था। फिल्म की शूटिंग भारत के एयरबेस पर असली सुखोई और भारतीय लड़ाकू विमानों के साथ की गई थी। बॉक्स ऑफिस पर यह फिल्म अपने बजट के मुताबिक अच्छा प्रदर्शन नहीं कर सकी थी।

### रंग दे बसंती

रंग दे बसंती में आमिर खान, सिद्धार्थ, आर माधवन, शरमन जोशी, अतुल कुलकर्णी, सोहा अली खान, कुणाल कपूर, और एलिस पैटन मुख्य भूमिकाओं में नजर आई थीं। यह फिल्म पूरी तरह से वायु सेना पर आधारित नहीं है, लेकिन यह भारतीय वायु सेना के स्क्वाड्रन लीडर अजय आहुजा को श्रद्धांजलि देती है, जिन्होंने कारगिल युद्ध के दौरान अपनी जान गंवाई।




### मौसम

पंकज कपूर के निर्देशन में बनी 'मौसम' भारतीय वायु सेना के एक अधिकारी की जिंदगी को बयां करती है। फिल्म में शाहिद कपूर और सोनम कपूर मुख्य भूमिकाओं में थे। यह फिल्म में 1992 से 2002 तक के घटनाक्रम को दिखाती है।

### गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल

'गुंजन सक्सेनाः द कारगिल गर्ल' भारतीय वायु सेना की एक महिला पायलट गुंजन सक्सेना की सच्ची और प्रेरणादायक कहानी है, जो कारगिल युद्ध के दौरान लड़ाई में भाग लेने वाली पहली महिला पायलटों में से एक थीं।

## सुचित्रा ने निभाया था इंदिरा गांधी का किरदार

### राजनीतिक हलकों में मची थी हलचल

अभिनेत्री सुचित्रा सेन सिनेमा की दुनिया का बड़ा नाम रहीं। अपने अभिनय से ज्यादा वे अपने उसूलों के लिए जानी गईं। अदाकारा अब इस दुनिया में नहीं हैं। मगर, उनकी यादें आज भी हैं। 17 जनवरी को सुचित्रा सेन की पुण्यतिथि थी। सुचित्रा का असली नाम रोमा दासगुप्ता था। उनका जन्म 6 अप्रैल 1931 को उस समय के बांग्लादेश के पबना जिले में हुआ था। उनके पिता करुणामय दासगुप्ता एक हेड मास्टर थे। सुचित्रा सेन ने अपनी शुरुआती पढ़ाई पबना से ही हासिल की।

**नई दिल्ली।** साल 1947 में 15 साल की उम्र में सुचित्रा सेन की शादी बंगाल के जाने-माने उद्योगपति आदिनाथ सेन के बेटे दिबानाथ सेन हुई थी। शादी के पांच सालों बाद सुचित्रा ने सिनेमा की दुनिया में एंट्री ली और फिल्म जगत को सुपरहिट फिल्में दीं। साल 1952 में सुचित्रा की बांग्ला फिल्म सारे चतुर रिलीज हुई, कहा जाता है कि यह उनकी पहली फिल्म थी। एक वक्त ऐसा था जब उत्तम कुमार और सुचित्रा सेन की जोड़ी को बांग्ला सिनेमा की सबसे प्रसिद्ध जोड़ी माना जाने लगा। दोनों ने साथ में एक से बढ़कर एक कई हिट फिल्में कीं। साल 1953 से 1978 के बीच सुचित्रा ने हिंदी और बांग्ला कुल मिलाकर 61 फिल्में की थीं। जिनमें से 30 उत्तम कुमार के साथ थी। सुचित्रा सेन ने 1978 में फिल्म इंडस्ट्री से संन्यास ले लिया था और पब्लिक के बीच न आना बेहतर समझा। सुचित्रा सेन फेमस अभिनेत्री मुनमुन सेन की मां और रिया और राइमा सेन की नानी हैं।



### राज कपूर और सत्यजीत रे के ऑफर ठुकराए

*सुचित्रा सेन के बारे में कहा जाता है कि वे उसूलों की बहुत पक्की थीं। फिल्मों का चयन करने के मामले में वे बिल्कुल ढिलाई नहीं बरतती थीं। कोई भी फिल्म काफी सोच विचार करने के बाद चुनतीं, जिस वजह से उन्हें कई बड़े फिल्मकारों के प्रस्ताव ठुकराने पड़े। उन्होंने राज कपूर की फिल्म को भी एक पल में ठुकरा दिया था। कहा जाता है कि सुचित्रा सेन ने राज कपूर की फिल्म सिर्फ इसलिए ठुकरा दी, क्योंकि राज कपूर का झुक कर फूल देने का तरीका उन्हें पसंद नहीं आया था। दिग्गज फिल्मकार सत्यजीत रे की फिल्म का ऑफर भी सुचित्रा ने ठुकरा दिया था। कहा जाता है कि सुचित्रा को लेकर वे फिल्म देवी चौधुरानी बनाना चाहते थे, लेकिन इसे भी सुचित्रा ने मना कर दिया।*

### इस फिल्म में किया इंदिरा गांधी का रोल

सुचित्रा सेन ने कई बॉलीवुड फिल्मों में दमदार किरदार किए। दिलीप कुमार की 'देवदास' (1955) में वे पारो की भूमिका में नजर आईं। सुचित्रा की जिस फिल्म की खूब चर्चा हुई और जो विवादों में भी रही, वह थी 'आंधी'। यह फिल्म उस साल रिलीज हुई, जिस साल आपातकाल लगा यानी साल 1975। आपातकाल जून में लगा और उससे कुछ महीने पहले फरवरी में फिल्म 'आंधी' रिलीज हुई। इसमें सुचित्रा का किरदार आरती सिंह दरअसल, इंदिरा गांधी से प्रेरित बताया गया। अभिनेत्री का लुक भी पूर्व पीएम जैसा ही देखने को मिला। 'आंधी' को पहली एजेंडा फिल्म माना गया। दावे किए गए कि यह फिल्म इंदिरा गांधी की छवि खराब करने के लिए बनाई गई। इस फिल्म पर काफी विवाद हुआ और राजनीतिक हलकों में हलचल मच गई थी। बाद में इमरजेंसी लगने के बाद तो फिल्म पर बैन ही लगा दिया गया। इस फिल्म में सुचित्रा के अपोजिट संजीव कुमार नजर आए।